53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 14.6°c | अधिकतम 35.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:05, सूर्यास्त - 6:39 | वर्ष : 53/ अंक : 92 | शुक्रवार, 04 अप्रैल 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जिंदगी को खुश होकर जियो, क्योंकि रोज सिर्फ सूरज ही नहीं ढलता, आपकी जिंदगी भी ढलती है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

कांग्रेस ने मुस्लिम महिलाओं को भारत में दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया: जेपी नड्डा



यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:.....

# पहले समोसा, फिर हलवाई अब अंगीठी पर रोटी सेंकने वाले की बारी आई

**मुजफ्फरनगर, 3 अप्रैल (बु.)।** इस शहर में जीएसटी की छापेमारी से कोई नहीं बचेगा, ऐसे में छोटा हो या बड़ा कारोबारी, 1-1 रुपये का हिसाब रखने की कोशिश में लगा है। कब समोसा वाले के पत्तल गिन लिये जाएं, हलवाई के रसगुल्ले, तो कब अंगीठी पर रोटी सेंकने वाले के आटे और सब्जी से अंदाजा लगा लिया जाये कि आखिर उसकी कमाई कितनी है। शायद ऐसा दृश्य कभी किसी ने नहीं देखा होगा कि जीएसटी विभाग की टीम छोटे-छोटे कारोबारियों पर भी छापा मारने से न चूके। गुरूवार को फिर एक बार उस समय मुजफ्फरनगर में हड़कम्प मच गया जब जीएसटी की टीम ने आलू मण्डी स्थित दो फुट के जीने से ऊपर जाकर पंडित जी भोजनालय के नाम से कारोबार करने वाले भोजनालय मालिक को जीएसटी के लपेटे में ले लिया। जीएसटी टीम से इस बाबत जब बात की गयी, तो उन्होंने अभी कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। जीएसटी टीम ने शायद अभी रोटियां पूरी नहीं गिनी होंगी या सब्जी के कितने भिगोने, कितनी थाली में परोसे जा सकते हैं, इसकी गणना नहीं कर पाए होंगे, इस कारण सम्भवतः शुक्रवार या शनिवार तक जीएसटी टीम अपना काम पूरा करके तब इस बात का खुलासा करेगी कि भोजनालय मालिक के प्रतिष्ठान पर कितनी जीएसटी की जोरी हुई है अथवा नहीं।

हालांकि कल तक जीएसटी टीम कारोबारी की दुकान में कोई न कोई कमी तो निकाल ही देगी, क्योंकि कोई भी कारोबार ले लो, छोटी-मोटी कमियां कारोबार करते समय हरेक कारोबारी के करोबार में हो जाती हैं। रोटियां सेंकते समय कभी कभी 20 की जगह 22 रोटी भी ग्राहक को लिफाफे में पैक कर दी जाती हैं, या ग्राहक को होटल पर खिलाते समय भी एक दो रोटी वेटर ही भूल जाता है कि मैंने ग्राहक को 5 रोटी खिलाई या 4। लेकिन जीएसटी विभाग ऐसे छोटे कारोबारियों को भी नहीं छोड़ेगा, यह दृढ़ संकल्प शायद पहले से ही लिया हुआ है। वर्ष 2014 के बाद जितना जीएसटी इस देश ने सत्ता में बैठी केन्द्र की भाजपा सरकार को दिया होगा शायद पिछले 60 वर्षों में प्रतिवर्ष का औसत ऐसा कभी नहीं हुआ होगा। बावजूद उसके सरकार के अधिकारी व्यापारियों के बीच दहशत का माहौल बनाए हुए हैं। फिर चाहे समोसा व्यापारी हो या लोहा बेचने वाला बड़ा उद्योगपति। कोई भी इनके जाल से अछूता नहीं रहा। मगर फिर भी इस सरकार का पेट शायद कोई नहीं भर पाया। व्यापारियों की रातों की नींद और दिन का चैन सब खत्म हो चुका है। मुजफ्फरनगर जनपद में कब किसके यहां जीएसटी का छापा पड़ जाए, यह कह पाना मुश्किल है। बड़ी बात यह है कि कोई भी व्यापारी यह तक कहने से डरता है कि साहब कम से कम इन छोटे दुकानदारों को तो छोड़ दो। इनसे लाख दो लाख वसूल हो जाएंगे, मगर उनका महीनों का हिसाब किताब खराब हो जाएगा। ऐसे में व्यापारियों द्वारा किसी प्रकार का विरोध न करने पर छोटे-छोटे दुकानदार भी जीएसटी की छापेमारी से नहीं बच रहे।

## कभी भी लग सकता है आपका नम्बर?

**मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर के कारोबारी यूं तो जीएसटी देने में कहीं पीछे नहीं हटते और नगर ही क्या जैसा कि सर्वविदित है कि जीएसटी संग्रह देश में पहले से कई गुना बढ़ चुका है। छोटे से छोटा पान, बीड़ी, सिगरेट बेचने तक वाला भी जीएसटी भरता दिखाई पड़ता है, लेकिन अब और सावधानी की जरूरत है, क्योंकि जब से श्रीराम समोसे, ऋषि स्वीट्स और अब पंडित जी भोजनालय पर छापेमारी हुई है, उससे साफ प्रतीत हो रहा है कि जल्द ही बीड़ी, सिगरेट, पान बेचने वाले फुटकर दुकानदारों का नम्बर भी आ सकता है। ऐसे में छोटे दुकानदारों को भी कोशिश करनी चाहिए कि पान बेचते समय एक-एक सुपारी भी सोने के वजन की तरह तोले में तौलकर ही पान में लगाएं। यदि एकाध सुपारी भी इधर उधर हो गयी तो जीएसटी अधिकारी उस पर कर वसूलना अच्छी तरह जान चुके हैं। ऐसे में अपना-अपना कारोबार सोच समझकर कीजिए, क्योंकि अगला नम्बर किसी का भी हो सकता है, फिर वह बीड़ी, सिगरेट, पान, लस्सी, पानी बताशे, समोसे बेचने वाला ही क्यों न हो। कोशिश कीजिए कि हरेक काम पक्के बिलों से किया जाये, जिससे सरकार के अधिकारियों के पेट ठसमठस भर जाए।**

## दस रुपये में शौचालय भी जाओ तो उसका भी पक्का बिल लेकर आओ

**मुजफ्फरनगर। अब तो ऐसा जमाना आ गया है कि जीएसटी टीम से हर कोई थर थर कांपने लगा है। ऐसे में कहीं बाहर भी घूमने फिरने जाओ और शौचालय वाला शौच के दस रुपये मांग ले तो उसे पैसे देकर उससे भी पक्का बिल लेने में गुरेज न करें, क्योंकि कौन, कब, कहां रास्ते में इसका भी हिसाब मांग ले कि तुम्हारे हिसाब में दस रुपये का फर्क क्यों आ रहा है, इस पर भी आपको जुर्माना देना होगा। होटल, रेस्टोरेंट मालिकों ने तो पहले से ही पक्के बिल देने और उस पर जीएसटी लगाना शुरू कर दिया है, मगर ठेले पर गन्ने का रस, लस्सी या पानी बताशे आदि भी खा लो तो एक एक बताशे का हिसाब जरूर रखना। कहीं पानी बताशे पांच खाओ और जीएसटी टीम को तीन ही बताओ। अगली बार इनकी भी गिनती कराई जा सकती है। कुल मिलाकर बड़े से बड़े उद्योगपतियों से लेकर छोटे से छोटे कारोबारी को हिसाब तो रखना ही होगा, क्योंकि किसी को नहीं पता कि किसका नम्बर कब और कहां आ जाए।**




### भारत पाकिस्तान सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन हेरोइन सहित भारतीय सीमा में गिरा

**श्रीगंगानगर, 03 अप्रैल (वार्ता)** राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के श्रीकरणपुर थाना क्षेत्र में भारत पाकिस्तान सीमा पर स्थित एक खेत में बुधवार देर रात पाकिस्तानी तस्करों का ड्रोन गिर गया। शेखबरपाल गांव से कुछ ही दूरी पर चक 11-एफ (ए) के एक खेत में एक ड्रोन मिला जिसमें एक आधा किलो हेरोइन का पैकेट बरामद हुआ जिसका मूल्य लगभग ढाई करोड़ रुपए है।

### माँ दुर्गा की सातवीं शक्ति

**।।कालरात्रि।।**



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी।।

शेष : पृष्ठ-4 पर

# खौलते कड़ाह में युवक को गिरते देख दहल गए दिल

**मुजफ्फरनगर, 3 अप्रैल (बु.)।** कभी-कभी ऐसे दुखदाई दृश्य देखने को मिलते हैं, जिन्हें देखने के बाद इंसान वहीं का वहीं खड़ा रह जाता है, चाहकर भी कुछ नहीं कर पाता। ऐसा ही एक मामला पुरकाजी थाना क्षेत्र के हरिनगर गांव में गुरूवार को घटित हुआ जब गांव का ही रहने वाला 38 वर्षीय शौकेन्द्र उर्फ शौकीन पुत्र जगपाल न जाने किसी तरह से खौलते गुड़ के कड़ाहे में जा गिरा। दरअसल शौकेन्द्र एक चरखी पर काम करता था, जहां वह गुरूवार की सुबह 8 बजे चरखी में गुड़ का रस पका रहा था, तभी न जाने किस तरह से वह खौलते कड़ाहे में जा गिरा। कड़ाहे में गिरते ही शोकेन्द्र की तेज चीखें निकल गयी। एक बार को आसपास खड़े मजदूर उसे निकालने के उद्देश्य से दो कदम आगे बढ़े मगर फिर ध्यान आया कि यदि ऐसा किया तो वे खुद भी झुलस सकते हैं। जैसे कैसे कड़ाहे को ठण्डा कर शौकेन्द्र को बाहर निकाला तो भय के कारण मजदूर वहां से भाग गए। बाद में घटनाक्रम का पता क्षेत्र के लोगों और पुलिस को लगा तो पुलिस मौके पर पहुंची और जमीन पर पड़े शौकेन्द्र के शव की मौत की जांच शुरू कर शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



## पूरी तरह अकड़ गया था शौकेन्द्र का शरीर

**मुजफ्फरनगर। शौकेन्द्र के मृत शरीर को जब कड़ाहे से बाहर निकाला गया तो वह पूरी तरह अकड़ चुका था। दोनों हाथ ऊपर की ओर और चेहरा पूरी तरह जलकर फफोलों से भरा हुआ था। यह दृश्य वहां खड़े लोगों से देखा नहीं गया। उक्त घटना को देखकर सभी के मुंह से एक ही बात निकली कि भगवान ऐसी मौत किसी को न दे कि कोई व्यक्ति इस तरह से तड़प-तड़पकर इस दुनिया से न जाए। बताया जाता है कि शौकेन्द्र के दो मासूम बच्चे 6 वर्षीया सावन और 8 वर्षीय सन्नी तथा 13 वर्षीय पुत्री शालू है। मौके पर आए परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था और परिवार के लोग आरोप लगा रहे थे कि उन्हें लग रहा है कि शौकेन्द्र की हत्या की गयी है। फिलहाल परिजनों ने शौकेन्द्र के मुआवजे की मांग की है। पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है।**

## ...आखिर घटनास्थल से क्यों भाग गया मालिक का भांजा?

**मुजफ्फरनगर। बताया जाता है कि जिस समय शौकेन्द्र कड़ाहे में बुरी तरह से झुलसा तो उसके बाद से मजदूरों के साथ-साथ घटना स्थल से चरखी मालिक के भांजे सहित सभी लोग भाग गए। आपको बता दें कि उक्त चरखी का मालिक हरिनगर के गांव गोधना निवासी प्रदीप बताया जा रहा है। घटना के समय प्रदीप का भांजा ही मजदूरों समेत वहां मौजूद था। उसके व मजदूरों के भाग जाने से क्षेत्र के लोगों को इस बात का शक हो रहा है कि कहीं किसी बात को लेकर मालिक के भांजे व मृतक शौकेन्द्र के बीच कोई मतभेद तो नहीं था। फिलहाल क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। पूरे मामले का सच तब सामने आएगा जब चरखी पर काम करने वाले मौके से भागे सभी लोग पुलिस की पकड़ में आएंगे।**



# नकली चाय को टाटा प्रीमियम के पैकेट में भरते एक दबोचा



## -टाटा कंपनी के अधिकारी ने कॉपीराइट का मुकदमा दर्ज कराया

**मीरापुर, 03 अप्रैल (बु.)।** मीरापुर पुलिस ने नकली चाय की पत्ती को टाटा प्रीमियम के पैकेट में भर रहे एक युवक को दबोच लिया। पुलिस को मौके से टाटा प्रीमियम कंपनी के जैसे बने हुए 250 ग्राम के नकली पाउच में भरी हुई चाय पत्ती के 250 पैकेट व 290 खाली पाउच मिले। कंपनी के अधिकारी ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गुरुवार को थाने पहुँचे चंडीगढ़ के थाना सैक्टर 34-ए के एसओसी 130/131 निवासी अमित झा पुत्र शंभूनाथ ने बताया कि वह टाटा प्रीमियम कम्पनी में कार्य करता है। उन्होंने बताया कि पिछले काफी समय से मीरापुर क्षेत्र में टाटा प्रीमियम कंपनी के नाम पर नकली चाय पत्ती बेचने की सूचनाएं मिल रही थी, जिसके बाद उन्होंने अपनी टीम के साथ क्षेत्र में छानबीन की। उन्होंने बुधवार को मीरापुर पुलिस को मामले से अवगत कराया तथा नकली चाय की पत्ती को टाटा प्रीमियम के पैकेट में भरने वाले व्यक्ति की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मीरापुर पुलिस ने गांव कैथोड़ा के हनुमानपुरी बस्ती निवासी रोहताश कुमार पुत्र मेघराज के मकान पर छापा मारा, तो टीम को यहां से टाटा प्रीमियम कंपनी के 250 ग्राम के पाउच जैसे बने हुए नकली 290 खाली पाउच तथा 250 ग्राम के नकली पाउच में भरी हुई चाय पत्ती के 250 पाउच व एक इलेक्ट्रिक पैकिंग मशीन मिली। पुलिस मौके से मिली नकली चाय पत्ती को कब्जे में लेकर आरोपी को थाने आ गई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति उन्हें दो रुपए प्रति पाउच की दर से चाय की पत्ती व पाउच पैकिंग करने के लिए देकर गया था। इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि कॉपीराइट का मुकदमा दर्ज किया गया है। हिरासत में लिए गए युवक को जमानत पर छोड़ दिया है।

# पुरकाजी की सोलानी नदी पर अब होगा बांध निर्माण

## - कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने सांसद संग दिल्ली में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री से मिलकर रखी पुरकाजी क्षेत्र की समस्या

छपार, 03 अप्रैल (बु.)। पुरकाजी विधायक एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने बिजनौर लोकसभा सांसद चंदन चैहान के साथ केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से मिलकर उनको पुरकाजी खादर क्षेत्र में बांध निर्माण में अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया। मंत्री अनिल कुमार ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री को लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के कौशल विकास मंत्री जयंत चैधरी ने भी उक्त संबंध में पत्र लिखा गया, जिस पर भारत सरकार के जल शक्ति मंत्री ने शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। पुरकाजी खादर क्षेत्र में बह रही सोलानी नदी पर बांध बनाने की मांग पिछले साठ वर्षो से क्षेत्र का किसान करता चला आ रहा है। पुरकाजी खादर क्षेत्र के दर्जनों गांव प्रतिवर्ष सोलानी नदी में बाढ़ की विभीषिका झेलते चले आ रहे हैं। पुरकाजी विधायक एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने बताया कि सोलानी नदी पर तटबंध के निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश के वर्ष 2025-26 के बजट में 3731.87 लाख का प्रावधान किया गया, जबकि तटबंध निर्माण की कार्य परियोजना में 11 हजार 388 लाख रुपए की रकम प्रस्तावित है। परियोजना पर भारत सरकार के वित पोषण हेतु गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग लखनऊ से दिनांक 24 मार्च 25 को केन्द्रीय जल आयोग नई दिल्ली को पत्र प्रेषित किया जा चुका है। गुरूवार में उक्त मामले को लेकर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने बिजनौर सांसद चंदन चौहान के साथ केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से मुलाकात कर उन्हें पुरकाजी क्षेत्र के खादर में सोलानी नदी से बरसात में प्रतिवर्ष होने वाली हानि की जानकारी दी गई। साथ ही उनसे उक्त मामले में भारत सरकार से सोलानी नदी पर तटबंध निर्माण हेतु मदद कर स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया। मंत्री अनिल कुमार ने बताया कि भारत सरकार के मंत्री एवं उनके नेता जयंत चैधरी ने भी इस संबंध में जलशक्ति मंत्री को अपने लेटर पैड पर पुरकाजी में बांध निर्माण को लिखा गया है। बकौल मंत्री अनिल कुमार भारत सरकार के जल शक्ति मंत्री ने उनको मदद का भरोसा दिलाया है।



### साठ वर्षो से चली आ रही सोलानी नदी पर बांध निर्माण की मांग

**छपार, 03 अप्रैल (बु.)।** कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के भारी प्रयास से अब पुरकाजी खादर के सोलानी नदी पर बांध बनाये जाने के प्रबल आसार बन गये है। बताते चलें कि मौजूदा समय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में लोकदल कोटे से कैबिनेट मंत्री पद पर विराजमान अनिल कुमार इससे पहले वर्ष 2012 में जब पुरकाजी विधानसभा से चुनाव जीतकर विधायक बने थे, तब उन्होंने प्रदेश की अखिलेश यादव सरकार के दौरान भी पुरकाजी खादर क्षेत्र में सोलानी नदी पर बांध बनाये जाने की पुरजोर मांग रखी गई थी, लेकिन तत्कालीन सरकार ने बजट के अभाव में इसे अस्वीकृत कर दिया था, जिससे योजना परवान नहीं चढ़ सकी थी। अब तीसरी बार पुरकाजी क्षेत्र से विधायक बनकर कैबिनेट मंत्री बने अनिल कुमार ने क्षेत्र के लोगों की इस जरूरी मांग को पूरा कराने के लिये भागदौड़ शुरू की, जिसके परिणाम स्वरूप योजना परवान चढ़ती नजर आ रही है। बताते चलें कि पिछले साठ वर्षो से खादर क्षेत्र में बह रही सोलानी नदी पर बांध बनाये जाने की मांग क्षेत्र के दर्जनों गांव के हजारों किसान लगातार करते चले आ रहे हैं, जबकि उक्त सोलानी नदी जो उत्तराखंड से उत्तर प्रदेश में बहकर आती है। वहां उत्तराखंड क्षेत्र में सोलानी नदी पर पंद्रह वर्ष पूर्व ही बांध बनाया जा चुका है, जबकि उत्तर प्रदेश के क्षेत्र में यहां के किसान वर्षो से बांध निर्माण की बांट जोहते आ रहे है।

# वैश्य समाज ने जताया विरोध, एसएसपी दफ्तर पर किया प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 03 अप्रैल (बु.)।** वैश्य सभा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल ने अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह के विवादित बयान पर आपत्ति जताते हुए गुरूवार को एसएसपी कार्यालय पर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान एसएसपी को सौंपे शिकायती पत्र में उन्होंने इसे पूरे समाज का अपमान बताते हुए सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की है। कृष्ण गोपाल मित्तल ने कहा कि आज 36 बिरादरियों के लोग व्यापार कर रहे हैं और जो व्यापार करता है वह बनिया कहलाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति का धार्मिक होना उसकी आस्था का विषय है। सर्व समाज अपनी सामर्थ्य के अनुसार मंदिरों एवं धार्मिक आयोजनों में दान देता है तो क्या वे सभी चोर हैं। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज के लिए इस प्रकार औचित्यहीन, भ्रामक, नकारात्मक तथा समाज को नीचा दिखाने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं की जा सकती। दरअसल, जाट महासभा के द्वारा बीते 30 मार्च को केन्द्रीय सेवा में जाट आरक्षण के साथ सामाजिक कुरीतियों के मुद्दे पर सिसौली में जाट महापंचायत का आयोजन किया गया था। इसी आयोजन में मीडिया से बात करते हुए किसान नेता युद्धवीर सिंह ने कहा था कि गांव का बनिया लुटेरा होता था, गांव को लूटने के बाद धर्म कर्म में जुटने का ढोंग करता और गांव में धर्मशाला तथा मंदिर बनाता था। वहीं ब्राह्मण कर्मकाण्ड का पाखंड कर लोगों को ठगने का काम करते थे। उनके इस बयान के बाद से वो विरोध के निशाने पर हैं। वैश्य समाज ने इसी बयान को लेकर कड़ा विरोध शुरू किया है और लगातार उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की जा रही है। प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से शलभ गुप्ता, सुनील तायल, दीपक मित्तल, कपिल गुप्ता, राजेन्द्र गर्ग, सचिन सिंघल, सुरेन्द्र अग्रवाल, कांति राठी, दीपांशु मित्तल, शिवम राजवंशी, श्रवण गोयल, सौरभ मित्तल, अमित कुमार समेत दर्जनों समाज के गणमान्य मौजूद रहे।



# संसद में नहीं हूं, वरना अकेला ही काफी था, वक्फ संशोधन बिल के विरोध में लालू यादव ने अस्पताल से भरी हुंकार

**बिहार, 03 अप्रैल (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का आज दिल्ली एम्स में ऑपरेशन हुआ है। इस बीच उन्होंने एक्स पर वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध में पोस्ट किया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है कि आज मुझे अफसोस है कि जब मुसलमानों और संविधान पर हमला हो रहा है, मैं संसद में नहीं हूं। वक्फ संशोधन बिल पर फिलहाल राज्यसभा में बहस हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह बिल आज ही राज्यसभा से भी पास हो जाएगा। इस बीच बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने इस बिल के विरोध में आवाज उठाई है। गुरुवार शाम को उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट करके बीजेपी-आरएसएस पर निशाना साधा। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि मुझे अफसोस है कि आज के इस कठिन दौर में, जहां अल्पसंख्यकों, गरीबों, मुसलमानों और संविधान पर हमला हो रहा है, मैं संसद में नहीं हूं. वरना मैं अकेला ही तुम लोगों के लिए काफी था। लालू यादव ने अपनी पोस्ट में कहा कि संघी-भाजपाई नादानों, तुम मुसलमानों की जमीनें हड़पना चाहते हो, लेकिन हमने हमेशा वक्फ की जमीनें बचाने के लिए कड़ा कानून बनाया है, और इसे लागू करवाने में मदद की है। मुझे अफसोस है कि आज के इस कठिन दौर में, जहां अल्पसंख्यकों, गरीबों, मुसलमानों और संविधान पर हमला हो रहा है, मैं संसद में नहीं हूं, लेकिन मैं हमेशा आपके ख़्यालों, विचारों और चिंताओं में हूं। यह देख कर अच्छा लगता है कि मेरी विचारधारा, नीति और सिद्धांतों पर मेरी प्रतिबद्धता, अडिगता और स्थिरता को आज भी महत्व दिया जा रहा है।



### मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 03 अप्रैल, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1280-1300, चाकू 1400-1600, लड्डू 1500-1550, खुरपापाड़-1380, शक्कर मसाला 1650-1660। आमद- 5000 मन।

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 03 अप्रैल, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 93400 | चांदी- | 99600 |
| सिक्का- | 10800 | गिन्नी- | 69640 |

### आपका आज का राशिफल

**शुक्रवार, 04 अप्रैल, 2025**

**मेष-** समस्याओं का संतोषजनक समाधान, स्वाध्याय की ओर रुझान, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता, आवागमन में अनुकूलता, बकाए धन की प्राप्ति।

**वृषभ-** आ्थक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, महत्वपूर्ण उपलब्धि में व्यवधान, मानसिक अशांति, वाहन से चोट-चपेट, दुर्घटना की आशंका, प्रतिष्ठा पर आघात।

**मिथुन-** बुद्धि-चातुर्य से कुछेक मसले हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, परोपकार की भावना जागृत, वैमनस्यता का समापन, विवाद समापन की ओर, भौतिक सुख।

**कर्क-** ग्रहयोग बेहतर, दाम्पत्य जीवन में उपस्थित व्यवधान समाप्त, नवसमाचार की प्राप्ति से खुशी, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल, कार्यक्षमता में वृद्धि।

**सिंह-** चिरवांछित कार्य बनने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, जीवन साथी से सहयोग, शांति।

**कन्या-** समय अशुभ, शारीरिक सुख में कमी, साझेदारी के व्यापार में हानि, आरोप प्रत्यारोप की स्थिति, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में कष्ट।

**तुला-** लाभ का सुयोग, आ्थक स्थिति में सुधार, पराक्रम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनों का समापन, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, नवसमाचार की प्राप्ति।

**वृश्चिक-** योजना साकार होने की ओर, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, अध्यात्म आस्था।

**धनु-** भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने की ओर, उल्लासमय वातावरण, सुख के जरूरी साधन सुलभ, धा्मक गतिविधियों में रुचि।

**मकर-** व्यवधान से अशांति, व्यवसायिक असफलता, भौतिक सुख के साधन में कमी, स्वाध्याय के प्रति अरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, विवाद से अशांति।

**कुम्भ-** कठिनाइयों का निराकरण, सद्विचारों से आत्मिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, अपने स्तर को बनाये रखने में अधिक व्यय, परिवार में मंगलकृत्य सम्पन्न।

**मीन-** चिरवांछित कार्यो में सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, प्रभावशाली हस्तियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, धनागम का सुयोग।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# श्री संयम मुनि जी महाराज के घुटने का डॉ. मुकेश जैन ने किया निःशुल्क आपरेशन

**मुजफ्फरनगर, 3 अप्रैल (बुस.)।** भीष्म पितामह तपस्वी रत्न श्री सुमति प्रकाश जी महाराज साहब के सुशिष्य श्री संयम मुनि जी महाराज साहब के घुटनों का सफल ऑपरेशन जैन साधु-साध्वियों की सेवा में हमेशा से ही तत्पर रहने वाले देश के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ, प्रतिष्ठित व समाजसेवी डॉ. मुकेश जैन द्वारा निशुल्क किया गया है, जिसके लिए समस्त जैन समाज डॉ. मुकेश जैन का हार्दिक आभार व्यक्त करता है और एसएस जैन सभा मु.नगर शहर के प्रधान विनोद कुमार जैन, ऑल इंडिया जैन कांफ्रेंस नई दिल्ली के प्रांतीय अध्यक्ष व एसएस जैन सभा मु.नगर शहर के महामंत्री कीमती लाल जैन, वैय्या-वच्च योजना के प्रांतीय अध्यक्ष अभिनव जैन, एसएस जैन सभा शहर मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ सदस्य विराट जैन, सुमतिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर के अध्यक्ष गौरव जैन व आदित्य जैन (संयम मुनि जी महाराज व वंदना जी महाराज साहब के सांसारिक भाई) द्वारा डॉक्टर मुकेश जैन का शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया गया। संभवतः संयम मुनि जी महाराज को कल हॉस्पिटल से डिस्चार्ज मिल जाएगा व उसके बाद लगभग एक माह तक महाराज साहब एसएस जैन सभा सिद्धार्थ कॉलोनी मुजफ्फरनगर में ही विराजमान होंगे।



# राष्ट्रीय लोकदल ने किया वक्फ बोर्ड का समर्थन

**मुजफ्फरनगर, 3 अप्रैल (बु.)।** मुजफ्फरनगर पहुंचे राष्ट्रीय लोकदल के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी मुजफ्फरनगर दौरे के दौरान वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करते दिखाई दिये। उन्होंने इसे मुसलमानों के हित में बताया। उन्होंने कहा कि यह बिल धार्मि रूप से किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएगा बल्कि चंद ऐसे लोग जो मुस्लिम वोटों की ठेकेदारी कर रहे हैं, इसका विरोध करेंगे। नगर में पहुंचे अभिनय चौधरी का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। युवा अध्यक्ष बनने पर वे मुजफ्फरनगर पहली बार आए थे। उन्होंने बताया कि रालोद में बूथ स्तर पर युवाओं को जोड़ने का अभियान चल रहा है, जिसमें एक बूथ पर दस युवाओं को शामिल करने का लक्ष्य है। उन्होंने चौ. चरण सिंह की विचारधारा पर चलने की बात कही। 30 मार्च में सिसौली महापंचायत में न पहुंचने के सवाल पर उन्होंने कहा कि रालोद किसी एक जाति का नहीं बल्कि सभी समाज में समाहित हैं। उन्होंने आरक्षण की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि जिन्हें आरक्षण की जरूरत है, उन्हें इसका लाभ मिलना चाहिए, जिसका वह समर्थन करते हैं।




# दो बाईकों की भिडन्त में मां-बेटे घायल

**खतौली, 03 अप्रैल (बु.)।** गांव भैंसी में दो बाईकों में हुई भिडन्त में बाइक सवार मां-बेटे घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसी कट के निकट दो बाइकों में भिडन्त हो गयी। दुर्घटना में एक बाइक पर सवार बबली पत्नी अमित निवासी कच्ची सड़क, मुजफ्फरनगर व उनका पुत्र घायल हो गये। मौके पर पहुंची डॉयल 112 पुलिस द्वारा घायलों को तत्काल खतौली सामुदायिक केन्द्र पहुंचाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल महिला को रैफर कर दिया गया। बताया जाता है कि बाइक सवार मां-बेटे मुजफ्फरनगर से खतौली आये थे।



# महावीर स्वामी जन्म महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू

**खतौली, 3 अप्रैल (बु.)।** सकल जैन समाज के तत्वावधान में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक पांच दिवसीय महोत्सव को लेकर नगर में व्यापक स्तर पर तैयारियों का सिलसिला आरम्भ हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार सकल जैन समाज अध्यक्ष सुशील जैन मण्डी ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक पांच दिवसीय महोत्सव परम तपस्वी परम पूज्य आचार्य श्री 108 भारत भूषण महाराज के सान्निध्य एवं श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जैन मण्डी के तत्वावधान में 5 अप्रैल से 10 अप्रैल तक जीटी रोड स्थित इंदिरा मूर्ति के सामने जैन समाज की उत्सव भूमि में बनाए गए विशाल पंडाल में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होगा। महावीर जयंती महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, महामंत्री अरुण जैन ने बताया कि धार्मिक आयोजन के प्रथम दिन जैन मण्डी से प्रारम्भ हुई। यात्रा नवनिर्मित उत्सव पंडाल पहुंची जहां भूमि शुद्धिकरण किया जायेगा तथा माता त्रिशला की भव्य गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित होगा। रात्रि में शौधर्म इंद्र की सभा होगी। उन्होंने बताया कि उत्सव के दूसरे दिन जैन मंडी से भव्य रथों व बैंड बाजों के साथ रथयात्रा महावीर कीर्ति स्तम्भ, बड़ा बाजार से होकर उत्सव पंडाल पहुंचेगी जहां पंडाल में जिनेन्द्र भगवान, शांतिधारा, विधान, प्रवचन तथा रात्रि में पंडाल में जम्बू स्वामी का वैराग्य नाटिका का भव्य मंचन होगा। उत्सव के चतुर्थ दिवस उत्सव पंडाल से जल कलश यात्रा प्रारम्भ होकर जीटी रोड स्थित निशिया जी मंदिर तक जाएगी तथा रात्रि में पंडाल में एक शाम महावीर के नाम कार्यक्रम का आयोजन होगा। उत्सव के पंचम दिन रात्रि में अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं उत्सव के अंतिम उत्सव पंडाल से भगवान महावीर जन्म महोत्सव की भव्य रथ यात्रा प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गो से होकर पुनः जैन मंडी मंदिर पर पहुंचेगी, वहीं रात्रि में उत्सव पंडाल में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। पत्रकार वार्ता के दौरान संजय जैन दादरी, प्रदीप जैन, हंसकुमार जैन, सुनील जैन, संजीव, राजकुमार जैन, प्रवक्ता पंडित अशोक जैन, सौरभ जैन सभासद, संजीव जैन प्रधानाचार्य, जनेश्वरदास, पारस जैन आदि सहित उत्सव समिति पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि नगर में महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव को लेकर नगर में जहां साज सजावट की जा रही है वहीं विशाल कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जैन समाज के युवा संगठन कार्यकर्ता पूर्ण तत्परता से जुटे हुए हैं।





# ज्ञानेश्वर सेवादल के सदस्यों ने निकाली प्रभात फेरी

**जानसठ, 3 अप्रैल (बु.)।** कस्बे की धार्मिक संस्था ज्ञानेश्वर सेवादल की ओर से प्रभात फेरी निकालकर कस्बे में श्री रामनवमी महोत्सव का शुभारंभ किया गया। मौहल्ला मिश्रान में स्थित नवदुर्गा मंदिर से आरंभ करके प्रभात फेरी मौहल्ला शाहवान, मौहल्ला सैनी नगर, भूमिया मंदिर, मौहल्ला बुध बाजार, मौहल्ला बेरीयान, गंज होते हुए मंगल बाजार पहुंची। इस दौरान ज्ञानेश्वर सेवा दल के कार्यकर्ता नगरवासियों को रामनवमी महोत्सव पर छह अप्रैल को निकलने वाली भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा के लिए भी आमंत्रित करते रहे। इस दौरान संस्था अध्यक्ष सतीश कुमार, प्रबंधक दीपेश गुप्ता एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष निशांत कांबोज एडवोकेट, महासचिव राजू भैया वाल्मीकि, शोभायात्रा अध्यक्ष गोपाल संगल, रेशु गोयल, उपाध्यक्ष नरेश गुप्ता, अरविंद पाराशर, गुलशन गुप्ता, श्याम सिंह कश्यप शामिल रहे।

### सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 7962, दिनांक 10/08/2007 में गलती से नाम वंश अंकित कराया गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम वंश कुमार है और भविष्य में इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री गजराज सिंह
गली नम्बर-1, सुभाषनगर निकट शिव मंदिर, मुजफ्फरनगर

# केन्द्र पर फिर बरसे राकेश टिकैत

**मोदीनगर, 03 अप्रैल (एजेंसी)।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने एक बार फिर केंद्र सरकार और बड़ी कंपनियों को घेरते हुए तीखी चेतावनी दी है। कस्बा पतला में आयोजित किसान पंचायत में उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र पर कंपनियों का कब्जा किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। किसानों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा टिकैत ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बड़ी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए किसानों के हितों की अनदेखी की जा रही है। सरकार विदेशों से दूध आयात करने की नीति बना रही है, जो देश के डेयरी किसानों को बर्बाद करने का षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि भाकियू इस मुद्दे पर सरकार के खिलाफ संघर्ष करेगा। गन्ना भुगतान को लेकर बड़ा आंदोलन की चेतावनी टिकैत ने गन्ना किसानों के लंबित भुगतान पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मोदी शुगर समेत कई मिलों पर किसानों का बकाया है। यदि जल्द से जल्द भुगतान नहीं किया गया तो भाकियू बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होगा। उन्होंने सरकार से जल्द समाधान की मांग की। टिकैत ने बाबा गंगाराम स्वामी की समाधि पर टेका माथा किसान पंचायत से पहले टिकैत ने बाबा गंगाराम स्वामी की समाधि पर माथा टेका। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान उन्होंने यहाँ आने का संकल्प लिया था, जिसे अब पूरा किया है। मोदीनगर में भव्य स्वागत मोदी नगर पहुंचने पर राकेश टिकैत का भव्य स्वागत किया गया। राज चौपले और निवाड़ी बस स्टैंड पर भाकियू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र त्यागी ने उनका स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह समेत कई किसान नेता मौजूद रहे। भाकियू की सरकार को दो टूक टिकैत ने सरकार को चेताते हुए कहा कि किसानों के हक और कृषि क्षेत्र की सुरक्षा के लिए लड़ाई जारी रहेगी। अगर सरकार ने किसानों के हितों की अनदेखी जारी रखी, तो भाकियू आंदोलन का रास्ता अपनाने से पीछे नहीं हटेगा।



# सीएम योगी ने भूमाफियाओं को चेताया, कहा, यूपी में नहीं चलेगी माफियागिरी

**प्रयागराज, 03 अप्रैल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे। यहां पर उन्होंने करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 579 करोड़ रुपये की 181 परियोजनाओं की सौगात दी। इसके पूर्व उन्होंने विधि विधान से पूजन अर्चन कर निषादराज और भगवान राम के मिलन की पावन धरती को प्रणाम किया। सीएम ने निषाद राज उद्यान में अयोध्या शोध संस्थान द्वारा राजा निषाद व श्रीराम से जुड़ी कथाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। ग्रामीण पर्यटन के अंतर्गत प्रशिक्षित समूह की महिलाओं द्वारा मूंज से उत्पादों ओडीओपी की प्रदर्शनी को भी देखा। सीएम योगी ने कहा कि सार्वजनिक और ऐतिहासिक स्थलों पर वक्फ बोर्ड का का मनमाना दावा ज्यादा दिनों तक बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यहां श्रृंगवेरपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप यहां निषादराज की पौराणिक भूमि पर कब्जा देख रहे हैं ना। शहर में जगह-जगह वक्फ के नाम पर कब्जे किए गए हैं। यहां तक की कुंभ के समय भी बयान दिए गए कि कुंभ की भूमि भी वक्फ की है। हमने पूछा था- क्या वक्फ बोर्ड भू-माफिया बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार के तहत इस तरह के अतिक्रमण हटा दिए गए हैं और माफियाओं को उत्तर प्रदेश से बाहर खदेड़ दिया गया है। निषाद राज से जुड़ी पवित्र भूमि समेत कई जगहों पर वक्फ के नाम पर अतिक्रमण किया गया, लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।



# आईआईटी रुड़की से वर्चुअल लैब प्रोजेक्ट प्रशिक्षण पूर्ण करने पर उनका स्वागत

**मुजफ्फरनगर, 03 अप्रैल (बुस.)।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इन्जीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग में तृतीय वर्ष में अध्ययनरत छात्रों अवि गुप्ता, संकल्प शर्मा, उत्तम कुमार व अनंत कुमार द्वारा आईआईटी रूड़की से वर्चुअल लैब प्रोजेक्ट प्रशिक्षण पूर्ण करने पर कालेज प्रबन्धन की ओर से उनका स्वागत किया गया। अनुभव कुमार (सचिव) ने छात्रों को उनके भविष्य के लिये शुभाशीष देते हुये कहा कि आज के समय में शिक्षा के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी का योगदान अत्यधिक बढ़ चुका है। वर्चुअल लैब प्रोजेक्ट इंटर्नशिप, एक ऐसा अद्वितीय अवसर है, जो छात्रों को डिजिटल शिक्षा और व्यावसायिक दुनिया से जुड़ने का मौका देता है। इस इंटर्नशिप के माध्यम से छात्रों ने न केवल अपने ज्ञान को विस्तार दिया, बल्कि उनके तकनीकी कौशल में भी सुधार हुआ। हमें हमारे सम्मानित छात्रों का आज स्वागत करते हुए गर्व महसूस हो रहा है, जिन्होंने अपनी वर्चुअल लैब प्रोजेक्ट इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूरी की है। इस इंटर्नशिप के दौरान, छात्रों ने विभिन्न तकनीकी प्रोजेक्ट्स पर काम किया, जिससे उन्हें नए-नए विचारों को अपनाने और जटिल समस्याओं का समाधान ढूँढने की क्षमता प्राप्त हुई। वर्चुअल लैब प्रोजेक्ट इंटर्नशिप न केवल छात्रों को तकनीकी ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि यह उन्हें टीम वर्क, समय प्रबंधन और समस्याओं के समाधान की दिशा में भी प्रशिक्षित करती है। इसके द्वारा छात्र कार्यस्थल की वास्तविक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। इंटर्नशिप के दौरान छात्रों ने डेटा विश्लेषण, सॉफ्टवेयर विकास, वेब डिजाइनिंग, और अन्य तकनीकी क्षेत्रों में गहरी जानकारी प्राप्त की। वे अब नई तकनीकों और विचारों के साथ समाज और उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने के लिए तैयार हैं। डॉ. सिद्धार्थ शर्मा (निदेशक) ने कहा कि हमारे छात्रों ने यह इंटर्नशिप पूरी करने के बाद न केवल अपनी व्यक्तिगत क्षमताओं को पहचाना, बल्कि यह भी समझा कि आज के तकनीकी युग में शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल का कितना महत्वपूर्ण स्थान है। इस अनुभव ने उन्हें भविष्य के लिए तैयार किया है और उन्हें अपनी आगामी योजनाओं में सफल होने के लिए प्रेरित किया है। कालेज प्रबन्धन छात्रों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देता हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हैं। हमें पूरा विश्वास है कि वे अपनी मेहनत और लगन से भविष्य में नई ऊँचाइयाँ छुएंगे।

### भाजपा जबरदस्ती वक्फ बिल पास करवा रही है- सोनिया गांधी

**नई दिल्ली, 03 अप्रैल (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर पिछले दिनों से काफी हलचल है। कल लोकसभा में बिल पर चर्चा के दौरान कई बड़े नेताओं ने अपने-अपने विचार प्रकट करते हुए लोकसभा में पेश हुए बिल का समर्थन और विरोध किया। कल लोकसभा में बिल पर चर्चा करने का समय दोपहर 12 बजे से 8 बजे तक निर्धारित किया गया था पर 8 बजे तक चर्चा खत्म न होने के चलते चर्चा का समय बढ़ाते हुए देर रात 2 बजे तक किया गया। देर रात 2 बजे चर्चा खत्म होने के बाद वोटिंग कराई गई, जिसमें सत्ता पक्ष की तरफ से 288 वोट पड़े और विपक्ष की तरफ से 232 वोट पड़े और आज 1 बजे से राज्यसभा में इस बिल को पेश किया जा रहा है। इसी बीच आज सोनिया गाँधी का वक्फ बिल को लेकर बयान सामने आया है। सोनिया गांधी ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए ध्रुवीकरण करने और जबरन बिल पास करने का आरोप लगाया है। सोनिया गांधी ने नए संसद भवन का उल्लेख करते हुए कहा, ह्यह्यअतीत में, हम एक साथ बैठ सकते थे, सहकर्मियों से मिल सकते थे, अन्य दलों के सदस्यों के साथ बातचीत कर सकते थे और मीडिया के साथ जुड़ सकते थे। ये चीजें हम अब नए संसद भवन में नहीं कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम एक लंबे सत्र के अंत की ओर आ रहे हैं जो घटनापूर्ण भी रहा है।

# दूर रहकर भी संसद में छा गये बुढ़ाना के शायर अजहर

## - सांसद ने वक्फ बिल बहस के चलते उनका शेर पढ़ा

**बुढ़ाना, 03 अप्रैल (बु.)।** मशहूर फिल्म स्टार नवाजुद्दीन सिद्दीकी के बाद अगर कस्बा बुढ़ाना से किसी ने पूरे विश्व में शोहरत हासिल की है, तो दूसरे नंबर पर युवा शायर अजहर इकबाल का ही नाम आएगा। अजहर इकबाल आज वास्तव में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उनका बीते कल से विश्व पटल पर छा जाना बुढ़ाना कस्बेवासियों के लिए किसी आश्चर्य से कम नहीं है। दरअसल उनका एक मशहूर शेर है, जिसके कुछ बोल यह हैं कि गाली को प्रणाम समझना पड़ता है, मधुशाला को धाम समझना पड़ता है, आधुनिक कहलाने की अंधी ज़िद में, रावण को भी राम समझना पड़ता है। इस शेर को बीते कल संसद में वक्फ बिल विधेयक पास होने के दौरान झारखंड राज्य की राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद, कोयला, खान और इस्पात समिति व गृह मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य विजय कुमार हांसदा ने पढ़ा, जिसे सुनकर काफी सांसदों ने वाहवाह की और यहां तक देश के गृहमंत्री अमित शाह इस शेर पर खूब मुस्कुराए। इस शायरी को लिखने वाले बुढ़ाना कस्बे के अजहर इकबाल हैं। उनके प्रशंसक इस शायरी को संसद में सुनाई जाने पर फूले नहीं समा रहे हैं और उनके काफी शुभचिंतकों ने उनको फोन पर इसके लिए बधाई भी दी कि अजहर भाई आपका शेर आज एक सांसद के द्वारा उस समय पढ़ा गया, जिस समय पूरे देश की निगाहें वक्फ बिल संसोधन विधेयक पर संसद बहस पर लगी हुई थी। अजहर इकबाल बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला काजीवाड़ा छोटा बाजार के निवासी हैं। वे अब तक कई बड़े बड़े कवि सम्मेलनों और मुशायरों में भाग ले चुके हैं और अपनी अमिट छाप छोड़ चुके हैं। ज्यादातर मंच संचालन का जिम्मा इन्हीं को दिया जाता है। अजहर इकबाल कपिल शर्मा के शो में कई बार नजर आ चुके हैं। यहां तक लाल किले पर होने वाले कवि सम्मेलनों के अलावा अन्य स्थानों पर अपने कलाम पेश कर भारत देश का नाम विदेशों में भी रोशन कर चुके हैं। उनके बड़े भाई काजी नदीम ने बताया कि छोटे भाई अजहर इकबाल ने बुढ़ाना कस्बे का नाम पूरे विश्व में रोशन कर रखा है। इसके लिए लोग उनको भी समय समय पर बधाईयां देते रहते हैं।



# वक्फ संशोधन बिल को लेकर शांति बनाने की अपील

**जानसठ, 3 अप्रैल (बु.)।** कस्बे में सीओ यतेंद्र सिंह नागर और कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने धर्म गुरुओं व गणमान्य लोगों से वक्फ संशोधन बिल को लेकर बैठक की। बैठक में सीओ ने वक्फ संशोधन बिल के लोकसभा में पेश करने को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बृहस्पतिवार को कस्बे के गढ़ी मोड़ पर स्थित मदरसा इस्लामिया तैयबा में बृहस्पतिवार को सीओ और कोतवाली प्रभारी ने कस्बे के धर्म गुरुओं और गणमान्य लोगों के साथ बैठक की। वक्फ संशोधन बिल को लेकर सीओ यतेंद्र सिंह नागर ने बताया कि जैसा कि आप सभी को मालूम है कि लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल पेश किया गया। इसको लेकर हम सभी को शांति बनाए रखना है। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. आबिद हुसैन और मौलाना अब्दुल रहमान नदवी से कहा कि यदि आपको कोई ज्ञापन या प्रदर्शन करना है, तो वह हमारी जानकारी में होना चाहिए। बेहतर तो यह है कि आप क्षेत्र के गणमान्य लोग हैं। कोई भी काम ऐसा ना हो, जिससे शांति भंग होने का खतरा बने। उन्होंने इंटरनेट मीडिया के ऊपर भी नजर रखने के बारे में जानकारी दी और बताया कि इंटरनेट मीडिया के ऊपर भी कोई आपत्तिजनक टिप्पणी न होने पाए। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. आबिद हुसैन और मौलाना अब्दुल रहमान नदवी ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को आश्वस्त किया। बैठक में मोलाना अब्दुल रहमान नदवी, चैयरमेन डॉ. आबिद हुसैन, मौलाना उस्मान, मुफ्ती कमर रजा, मौलाना शाहिद, हाफिज नवाबुद्दीन अंसारी, हाफिज हम्माद नदवी आदि मौजूद रहे।






संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## अमित शाह, अखिलेश और राहुल

वक्फ संशोधन विधेयक बुधवार की रात दो बजे लोकसभा से पास हो गया। कल गुरुवार को इस विधेयक पर राज्यसभा में चर्चा चली। गृह मन्त्री अमित शाह ने लोकसभा में अपने सम्बोधन में इस विधेयक को लेकर फैलाई जा रही भ्रान्तियों को काफी हद तक कम किया। अखिलेश यादव के बारे में कहा जा रहा है कि वे वक्फ संशोधन विधेयक से इतर बोले उन्हें अध्यक्ष ने टोका भी कि अखिलेश जी विषय पर बोलिये। अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज करने की कोशिश की, तो अमित शाह ने हँसते-हँसते उन्हें ऐसा जवाब दिया कि उन्हें बहुत दिनों तक याद रहेगा। इस सवाल जवाब की वीडियो क्लिप बहुत तेजी से वायरल हो रही है। राहुल गांधी ने लोकसभा में इस विधेयक पर हुई चर्चा में भाग ही नहीं लिया। इसे लेकर भी तरह-तरह की बातें कही जा रही हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मुझे लगता है कि या तो निर्दोष भाव से या राजनीतिक कारणों से बहुत भ्रांतियां सदस्यों के मन में भी हैं और इन्हें फैलाने का प्रयास भी हो रहा है। गृहमंत्री ने कहा कि वक्फ में धार्मिक क्रियाकलाप चलाने के लिए गैर मुस्लिम को नहीं रखा जा रहा है, लेकिन विपक्ष इसके जरिये डराकर अपना वोट बैंक सुरक्षित करने का काम कर रहा है। वक्फ बोर्ड और वक्फ परिषद में गैर मुस्लिम रखने की बात है, जिसका काम ये देखना है कि काम ठीक से हो रहा है या नहीं। मैं इस सदन के माध्यम से पूरे देश के मुस्लिम भाइयों को कहना चाहता हूं कि आपके वक्फ में एक भी गैर मुस्लिम नहीं शामिल होगा। अमित शाह ने कहा कि वक्फ बोर्ड में जो संपत्तियां बेच खाने वाले, सौ-सौ साल के लिए औने-पौने दाम पर किराए पर देने वाले लोग हैं, वक्फ बोर्ड और वक्फ परिषद उन्हें पकड़ने का काम करेगा। ये चाहते हैं कि इनके राज में जो मिलीभगत थी वो चलती रहे, अब ये नहीं चलेगा। अमित शाह ने कहा कि 2013 का जो संशोधन आया, वो नहीं आया होता, तो आज ये संशोधन लाने की नौबत नहीं आती। कांग्रेस सरकार ने दिल्ली लुटियंस की 125 संपत्तियां वक्फ को दे दीं। उत्तर रेलवे की जमीन वक्फ को दे दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल में वक्फ की जमीन बताकर मस्जिद बनाने का काम हुआ। अखिलेश और अमित शाह के सवाल जवाब इस तरह हुए, अखिलेश ने कहा कि जो पार्टी ये कहती हो कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, वो अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं चुन पायी अभी तक, बीजेपी क्या है? इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अखिलेश जी ने हंसते-हंसते कहा है, हंसते-हंसते ही जवाब दे रहा हूं, आपको पांच लोगों ही में अध्यक्ष चुनना है, परिवार से। हमें करोड़ों लोगों से बात करनी है, चुनना है तो समय लगता है। मैं कहता हूं आप अभी 25 साल तक अध्यक्ष हो....जाओ। इस पर अखिलेश मुस्कुरा कर रह गये। यही क्लिप सोशल मीडिया पर सबसे अधिक वायरल है। राहुल गांधी ने चर्चा में तो हिस्सा नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट की, वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों को हाशिए पर धकेलने और उनके निजी कानूनों और संपत्ति के अधिकारों को हड़पने के उद्देश्य से बनाया गया एक हथियार है। आरएसएस, भाजपा और उनके सहयोगियों द्वारा संविधान पर यह हमला आज मुसलमानों पर लक्षित है, लेकिन भविष्य में अन्य समुदायों को निशाना बनाने के लिए एक मिसाल कायम करता है। कांग्रेस पार्टी इस कानून का कड़ा विरोध करती है, क्योंकि यह भारत के मूल विचार पर हमला करता है और अनुच्छेद 25, धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस विधेयक पर अपनी बात कही है। प्रयागराज में कल योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ की तैयारी के दौरान वक्फ बोर्ड ने दावा किया था कि कुंभ की भूमि उनकी है। यह माफिया बोर्ड बन गया था, लेकिन प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इसकी मनमानी पर लगाम लगा दी है। सीएम योगी ने कहा कि वक्फ बोर्ड से संबंधित एक महत्वपूर्ण अधिनियम वक्फ संशोधन बिल 2025 लोकसभा में पारित हो चुका है और जल्द ही राज्यसभा में भी पास होगा, जिससे यह केवल कल्याणकारी कार्यों तक सीमित रहेगा। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसी भी प्रकार की माफियागिरी नहीं चलेगी, यहां के माफिया को तो हम पहले ही विदा करवा चुके हैं। सीएम योगी ने कहा कि निषाद राज के पौराणिक भूमि पर कब्जा और जगह-जगह शहरों पर भी वक्फ के नाम पर कब्जे किए गए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें प्रयागराज की पहचान मिटाने और माफियाओं को बढ़ावा देने में लगी थीं। हर जिले में माफिया पनप रहे थे, लेकिन हमने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर माफियाओं को विदा किया। श्रृंगवेरपुर और प्रयागराज की पौराणिक भूमि पर कब्जे की कोशिशें नाकाम की गईं। मुख्यमन्त्री योगी ने प्रधानमन्त्री मोदी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह उनकी दूरदर्शिता का परिणाम है कि महाकुंभ भव्य और दिव्य हुआ। वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष और भाजपा सांसद जगदम्बिका पाल ने लोकसभा में चल रही बहस के दौरान कहा कि असदुद्दीन ओवैसी इस विधेयक को असंवैधानिक कहते हैं, लेकिन उन्होंने विधेयक को फाड़कर असंवैधानिक काम किया है, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि विधेयक क्यों फाड़ दिया? वक्फ बिल पर राज्यसभा में बोलते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक-2025 का मूल उद्देश्य रिफॉर्म्स लाकर वक्फ की प्रॉपर्टी का उचित मैनेजमेंट करना है। मैं इस सदन के माध्यम से देश की जनता को बताना चाहता हूं कि पीएम मोदी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार पूरी तरह से डेमोक्रेटिक नॉर्म्स को फॉलो करके आगे बढ़ रही है। विपक्ष ने जेपीसी की मांग की थी और हमने इसका गठन किया। 2013 में जब वक्फ बिल के लिए जेपीसी का गठन किया गया था, तब इसमें केवल 13 सदस्य थे। लेकिन मोदी सरकार के तहत गठित जेपीसी में 31 सदस्य हैं। जेपीसी ने 36 बैठकें कीं और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इसकी गतिविधियों पर 200 घंटे से अधिक समय व्यतीत किया गया। बीजेपी के राज्यसभा सांसद डॉक्टर राधा मोहन दास अग्रवाल ने वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान वक्फ बोर्ड की तुलना पुरानी फिल्मों के गुंडों से की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से फिल्मों में गुंडे जिस चीज पर हाथ रख देते थे, वह उनकी हो जाती थी। उसी तरह से ये जिस जमीन पर हाथ रख देते थे, वह जमीन इनकी हो जाती थी। वक्फ बाई यूजर इनका बड़ा हथियार था। किसी की जमीन पर कुछ दिन नमाज क्या पढ़ ली, वक्फ बाई यूजर वो जमीन वक्फ बोर्ड की हो गई।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'सोच' 'घटिया' 'सत्य' 'सियासत'

अपनी घटिया सोच को लेकर चले बढ़ते रहे,
श्रेष्ठ क्या है,सत्य क्या है, ये कभी सोचा नहीं।
ऐसे चन्द लोगों के कारण ये सियासत गिर गयी,
सच तो ये है के इन्होने सच कभी बोला नहीं।

## प्रदेश के सभी मदरसों में लागू हुआ एनसीआरटी पाठ्यक्रम

लखनऊ, 03 अप्रैल (एजेंसी)। यूपी के सभी मदरसों में नए शैक्षिक सत्र 2025-26 से राष्ट्रीय शैक्षिक व अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की तर्ज पर पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। राजधानी सहित प्रदेश के सभी मदरसों में नए शैक्षिक सत्र 2025-26 से राष्ट्रीय शैक्षिक व अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की तर्ज पर पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को इसी सत्र से कक्षा एक से तीन तक एनसीईआरटी की किताबें दी जाएंगी। इस संबंध में मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। सभी मदरसों में बेसिक शिक्षा परिषद की तर्ज पर इस साल से बच्चों को एनसीईआरटी की किताबें दी जाएंगी। इस संबंध में मदरसा बोर्ड की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि बेसिक शिक्षा विभाग अपने विद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू कर रहा है। इसी प्रकार से प्रदेश के मान्यता प्राप्त राज्यानुदानित मदरसों में भी चरणबद्ध तरीके से एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। मदरसों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करने का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्राथमिक स्तर की शिक्षा में एकरूपता को लाना है। शैक्षिक

## जिले में 58 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त घोषित, किया गया सम्मानित



मुजफ्फरनगर, 03 अप्रैल (बु.)। जिला पंचायत सभागार में गुरूवार को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के प्रधानों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पंचायतों के प्रधानों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान की इस कड़ी में जनपद की 487 ग्राम पंचायतों में से 58 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया। गुरूवार को जिला पंचायत सभागार में डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद की कुल 487 ग्राम पंचायतों में से 58 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया गया। सभागार में डीएम उमेश मिश्रा व सीडीओ संदीप भागिया ने इन सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की कांस्य एवं सिल्वर की प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र देते हुए उन्हें सम्मानित किया। डीएम उमेश मिश्रा ने सभी ग्राम प्रधानों को अपनी पंचायतों को टीबी मुक्त किए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन हैं, कि प्रदेश के साथ-साथ भारत को टीबी मुक्त भारत बने। उन्होंने आह्वान किया कि इस उद्देश्य को हम सभी को मिल कर काम करना है, जिससे हमारे प्रदेश के साथ ही अपना जनपद टीबी मुक्त रहे। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से कहा कि ग्राम पंचायत को और बेहतर ढंग से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले भविष्य में कोई भी व्यक्ति टीबी रोग का शिकार ना हो सके, इस पर हमें सतर्क रहते हुए कार्य करने के साथ ही अपनी ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त बनाए जाने के लिए प्रयास जारी रखने होंगे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया, डीपीआरओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट में गरजे जय किसान आंदोलन कार्यकर्ता



मुजफ्फरनगर, 03 अप्रैल (बु.)। गन्ने का भाव बढ़ाए जाने, एमएसपी गारंटी कानून को लागू करने, सिंचाई के लिए बिजली के घंटे बढ़ाए जाने, आवारा पशु नियंत्रण और किसानों की अवैध भूमि अधिग्रहण पर रोक लगवाने की मांग को लेकर गुरूवार को जय किसान आंदोलन ने कलेक्ट्रेट पहुंच विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम कार्यालय पर धरने पर जिलाध्यक्ष पवन चौहान के नेतृत्व में किसानों ने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रेषित करते हुए समस्याओं का निदान कराने की मांग की। धरने को संबोधित करते हुए जय किसान आंदोलन के मंडल प्रभारी ओपी चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री कॉरपोरेट मुनाफाखोरी और कृषि उत्पादन एवं विपणन पर पूंजीपतियों के कब्जे को और सुविधाजनक बनाने पर तुले हुए हैं। कृषि विपणन पर प्रस्तावित राष्ट्रीय नीति रुपरेखा व एमएसपी पर आंशिक खरीद का प्रस्ताव किसानों को उनके कानूनी अधिकार से वंचित करने की कॉरपोरेट साजिश है जिसे किसान सिरे से खारिज करते हैं। इस दौरान पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि किसान आंदोलन केंद्र सरकार द्वारा स्वामीनाथन आयोग द्वारा निर्धारित सी 2+50% फॉर्मूले पर फसलों की एमएसपी गारंटी और खरीद और एमएसपी सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने से बचने के लिए किए जा रहे विश्वासघाती छल की कड़ी निंदा करता है। धरने को मंडल अध्यक्ष वेदपाल गुर्जर, महासचिव अंकुर भाटी एवं जिलाध्यक्ष पवन चौहान ने कहा कि शेरनगर, बिलासपुर व धनेड़ा गांव में करीब 3500 बीघा जमीन को अवैध रूप से अधिग्रहण करने का जो सरकार का षड्यंत्र चल रहा है, उसे बिल्कुल स्वीकार नहीं किया जाएगा। जय किसान आंदोलन इसके लिए लड़ाई लड़ने का काम करेगा। इस दौरान धरने में मुख्य रूप से अशोक प्रधान, अनिल प्रधान, अरविंद प्रधान, ब्रजपाल प्रधान, रेशेंद्र प्रधान, शुभम राणा, मौ. एहसान, शहजाद, शादाब, स. अमित सेठी, शिवकुमार भाटी, डॉ. विक्रम, श्यामवीर, विनोद, अमित गुर्जर, ऋषिपाल तोमर, जयप्रकाश, बलजोर पहलवान, जगपाल चेयरमैन, निरंजन सिंह, आदेश, विजयपाल, गजराज सिंह, नवाब सिंह आदि उपस्थित रहे।

## वार्ड 19 प्रेमपुरी के लोगों के लिए भामाशाह बने आदित्य बंसल

### - 105 गज भूमि के दस्तावेज ट्यूबवैल के लिए सौंपे चेयरपर्सन को



मुजफ्फरनगर, 03 अप्रैल (बु.)। एक ओर जहां लोग एक-एक इंच भूमि के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नगर के वार्ड 19 प्रेमपुरी क्षेत्र के कृष्णापुरी निवासी आदित्य बंसल सोच पैदा कर अन्य लोगों के लिए प्रेरणा साबित हुए हैं। गुरूवार को कृष्णापुरी निवासी आदित्य बंसल ने वार्ड सभासद योगेश मित्तल की प्रेरणा से खांजापुर में पालिका को पानी की ट्यूबवेल निर्माण के लिए 105 गज भूमि स्वेच्छा से पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व अन्य सभासदों की मौजूदगी में फ्री में दान कर दी। वार्ड सभासद योगेश मित्तल ने बताया कि वार्ड 19 प्रेमपुरी में लंबे समय से पालिका प्रशासन को पानी की ट्यूबवेल लगाने के लिए भूमि की तलाश थी। उन्होंने इसके लिए अपने परम मित्र आदित्य बंसल से चर्चा की और सहयोग मांगा। उन्होंने बताया कि उनके आग्रह पर आदित्य बंसल ने उक्त 105 गज भूमि पालिका को प्रदान कर की। गुरूवार को इस भूमि को पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को स्टांप पर लिखित में सौंपते हुए जनहित में सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान सभासद योगेश मित्तल, बॉबी सिंह, अमित पटपटिया, अर्जुन प्रजापति एवं भाजपा नेता विकल्प जैन समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे।







## श्री बालाजी धाम मंदिर की निकली भव्य कलश यात्रा, महिलाओं ने लिया बढ़चढ़कर भाग

### - व्यासपीठ से कथा वाचिका ने की श्रीराम चरित मानस ज्ञान कथा की अमृत वर्षा

मुजफ्फरनगर, 03 अप्रैल (बु.)। श्री बालाजी धाम मंदिर में श्रीराम चरित मानस ज्ञान कथा महायज्ञ के शुभारंभ के साथ श्री बालाजी जन्मोत्सव आस्था एवं भक्ति गंगा की वैतरणी में डुबकी लगाने के साथ शुरू हो गया है। गुरूवार सवेरे नई मण्डी में भरतिया कालोनी स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति की ओर से भव्य कलश यात्रा पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ हो गई। इस दौरान पीले एवं लाल रंग के परिधानों में सुहागिन महिलाओं के साथ मंदिर प्रबंधन पदाधिकारियों ने कलश एवं श्री राम चरित मानस एवं अन्य ग्रंथों के साथ नई मंडी सड़कों पर उतरे भक्ति सैलाब का स्वागत कई स्थानों पुष्प वर्षा के साथ किया गया। कथा स्थल पर पहुंची कलश यात्रा में कलश स्थापना के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसिद्ध कथा वाचिका साध्वी प्राची देवी का स्वागत किए जाने के साथ कथा महायज्ञ का पुण्य लाभ उठाया। आज से 11 अप्रैल तक श्री बालाजी सत्संग भवन में आयोजित श्रीराम चरित मानस ज्ञान कथा महायज्ञ के बाद 12 अप्रैल को भगवान बालाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। नई मंडी भरतिया कालोनी में श्री बालाजी धाम मंदिर समिति की ओर से बालाजी जन्मोत्सव के बीच कलश यात्रा निकाली गई। इसके साथ ही श्री बालाजी जन्मोत्सव का शुभारंभ हो गया। श्री बालाजी मंदिर सेवा समिति पदाधिकारी भीम कंसल ने बताया कि श्री बालाजी जन्मोत्सव के लिए भव्य तैयारियां मंदिर में की गई हैं। गुरूवार से इसका प्रारम्भ श्रीराम चरित मानस कथा महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। बालाजी सत्संग भवन में आयोजित श्री रामचरित मानस कथा महायज्ञ के बीच कथा वाचिका साध्वी प्राची देवी का भक्तों ने स्वागत किया। कथा से पूर्व मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई कलश यात्रा प्रातः 9 बजे श्री बालाजी महाराज की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुई जिसमें यजमान विशाल गोयल व विभोर तायल सपत्नीक मौजूद रहे। नई मंडी में निकली भव्य कलश यात्रा में डीजे, बैंड व रथ पर चंद्र किरण गर्ग गुरू जी तथा कथा वाचिका प्राची देवी कार में मौजूद रहीं। इस दौरान कलश यात्रा में उद्यमी भीम कंसल स्वयं अपने सिर पर श्री रामचरित मानस एवं अध्यक्ष हरिशंकर तायल श्री बालाजी महाराज की प्रतिमा एवं सैकड़ों महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर शामिल हुए। कलश यात्रा में भक्तजन डीजे और बैंड बाजों पर भक्ति भजनों की धुन पर नाचते गाते शामिल हुए। नई मंडी के मुख्य मार्गों से महिलाएं व पुरुष मंदिर प्रांगण से चलकर बड़ा डाकखाना, बिंदल बाजार, जैन मंदिर, बिजली घर से होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पर पहुंचकर संपन्न हुई। श्री बाला जी मंदिर समिति से जुड़े उद्यमी भीम कंसल ने बताया कि मंदिर के सत्संग भवन में आज से 11 अप्रैल तक श्रीराम चरित मानस ज्ञान कथा महायज्ञ का गुणगान और 12 अप्रैल को महाआरती के बाद स्वर्ण श्रृंगार के साथ श्री बालाजी जी महाराज अपने स्वर्ण रथ पर सवार होकर नई मंडी, शहर एवं गांधी कॉलोनी में अपने भक्तों का कल्याण करने के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगे। इस शोभायात्रा की भक्तों के द्वारा भव्य तैयारी की गई है। 13 अप्रैल को रात्रि में जागरण के बाद 14 अप्रैल को इस जन्मोत्सव कार्यक्रम का विशाल भंडारे के आयोजन के साथ संपन्न होगा। इस दौरान कलश यात्रा में अध्यक्ष हरिशंकर तायल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, कुलदीप कुमार, सुनील कुमार, अश्वनी कुमार, अशोक कुमार, जेपी गोयल, रजनीश कुमार, रजत गोयल, कैलाश, रविंद्र जैन, अमरीश सिंघल समेत बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।





## खस्ता हाल रास्ते से होकर गुजरेगी रामनवमी, बालाजी और अंबेडकर साहब की शोभायात्रा

### - कस्बे के मुख्य बाजार, मूला वाला कुआं से गंज मौहल्ले के चौपले तक का है रास्ता - लोगों का कहना नगर पंचायत द्वारा कस्बे में नहीं कराए जा रहे है विकास कार्य







जानसठ, 3 अप्रैल (बु.)। रामनवमी, बालाजी जन्मोत्सव और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस पर कस्बे में विशाल शोभायात्राओं का आयोजन होता चला आ रहा है, जिसके चलते आने वाली 6 अप्रैल और 12 अप्रैल और 14 अप्रैल को कस्बे में धूमधाम के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके बावजूद नगर पंचायत के द्वारा उन रास्तों के गड्ढे तक नहीं भरवाए गए हैं, जिनसे होकर हजारों लोग शोभायात्रा में शामिल होकर निकलेंगे। आयोजन के सहित समाज के लोगों ने नगर पंचायत से समय से पूर्व व्यवस्था बनाने की मांग की है। कस्बे के मूला वाला कुआं से लेकर गंज मौहल्ले के चौपले तक का रास्ता खस्ता हाल में पड़ा हुआ है। यह रास्ता करीब 10 साल पूर्व बनाया गया था। अब इसकी हालत बहुत ही दयनीय स्थिति में पड़ी हुई है। अप्रैल माह में कस्बे में रामनवमी, बालाजी जन्मोत्सव शोभायात्रा और डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस पर धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे। कस्बे का मुख्य बाजार खराब होने के कारण इन शोभायात्रा में डीजे झांकी आदि को नुकसान हो गया, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी ? रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे हैं। अगर इन गड्ढों की वजह से कोई हादसा हो जाता है, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

ज्ञानेश्वर सेवा दल के सदस्यों सहित प्रबंधक दीपेश गुप्ता ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना-पत्र देकर उक्त रास्ते को ठीक करने की मांग की है।उप जिलाधिकारी जयेंद्र कुमार ने बताया कि धार्मिक संस्थाओं के द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पर गड्ढों और सफाई व्यवस्थाएं को लेकर एक प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुआ है। अधिशासी अधिकारी को तत्काल सफाई और गड्ढे भरने को बोल दिया गया है।

REQUIRED
For Private Limited Company
A Female Advocate
Company, Banquet Hall, College Related All Legal Works
Experience minimum 5 years in any subject
Contact no:-
7417853000

आवश्यकता है
एक ऑफिस बॉय (चपरासी) की।
सम्पर्क सूत्रः-
M.6398927819

## एम.जी. पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ





मुजफ्फरनगर, 03 अप्रैल (बुस.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ दिवस उत्साह और उल्लास से परिपूर्ण नजर आया। विद्यालय परिसर में कदम रखने के साथ ही छात्र-छात्राएं खुश नजर आए। विद्यालय के प्राइमरी विंग में नन्हें मुन्ने बच्चों का प्रधानाचार्या ने पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया और उनको तिलक कर शुभकामनाएं दी। बच्चों ने भी विद्यालय में प्रवेश के इस पहले दिवस का भरपूर आनंद उठाया। एम.जी. पब्लिक स्कूल में गुरूवार से नया शैक्षणिक सत्र 2025-26 शुरू हो गया। इस अवसर पर पहले दिन विद्यालय परिसर में पहुंचे बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह का माहौल नजर आ रहा था। सुबह-सुबह बच्चे स्कूल पहुंचे तो प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने प्राइमरी विंग में नन्हें मुन्ने छात्र-छात्राओं का रोली तिलक कर स्वागत किया और हंसी-खुशी उनको कक्षाओं में प्रवेश दिया गया। कक्षाओं में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बच्चों का आनंदमयी वातावरण में स्वागत करते हुए उनके इस पहले प्रवेश दिवस को यादगार बनाने का प्रयास किया। विद्यालय परिसर में इस दिन को खास बनाने के लिए रंगोली और बंदनवार से सजावट की गई थी। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने विद्यालय में नया प्रवेश पाने वाले बच्चों को तिलक करने के साथ ही उनको हैंड मेड स्टीकर्स देकर स्वागत किया और दुलार किया। उन्होंने बच्चों से कक्षाओं में पहुंचकर भी भेंट की और परिचय लिया। उन्होंने बताया कि आज विद्यालय में नए सत्र का शुभारंभ होने पर विद्यालय प्रवेश के प्रथम दिवस को यादगार बनाने के लिए ही विद्यार्थियों का तिलक कर स्वागत किया गया, ताकि शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि आज किताबों के साथ ही बच्चों को सामाजिक और व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन पूरे वर्ष किया जाता है, जो उनकी प्रतिभा संवर्धन के लिए भी सहायक साबित हो रहा है। उन्होंने सभी बच्चों को सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं और स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

## सिम पोर्ट कराने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा

जानसठ, 3 अप्रैल (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव तिसंग में सिम पोर्ट कराने को लेकर एक पक्ष के छह लोगों ने मिलकर लाठी-डंडों और सरिया से दुकानदार की पिटाई कर दी, जिसमें दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी। क्षेत्र के गांव तिसंग में सोनू पुत्र धर्मवीर मोबाइल और सिम बेचने का कार्य करता है। गांव निवासी फैजान पुत्र रईस ने सोनू से अपना सिम अन्य मोबाइल कंपनी के लिए पोर्ट कराया था। कई दिन बीत जाने के बाद भी जब उसका सिम नहीं चला, तो बुधवार की शाम को वह सोनू की दुकान पर चला गया। उसने सोनू से सिम नहीं चलने का कारण पूछा, तो सोनू ने बताया कि कंपनी की ओर से कोई प्रॉब्लम है एक-दो दिन बाद सिम चल जाएगा। इस बात को सुनकर फैजान आग बबूला हो गया। उसने अपने घर सूचना देकर शहजाद पुत्र सलीम, जुबेर, जावेद, मैहरूब पुत्रगण मुन्ना और रईस पुत्र मुस्तकीम को मौके पर बुला लिया। छह लोगों ने मिलकर लाठी-डंडे और सरिया से सोनू की पिटाई कर दी, जिससे कि सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सोनू को उपचार के लिए जानसठ की सीएचसी में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि सोनू के भाई रवि कुमार पुत्र धर्मवीर सिंह की तहरीर के आधार पर फैजान, शहजाद, जुबेर, जावेद, मेहरूब और रईस के खिलाफ एससी एसटी एक्ट और मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## अभद्र टिप्पणी को लेकर वैश्य समाज में फैला रोष



बुढ़ाना, 03 अप्रैल (बु.)। श्री महाराज अग्रसेन युवा समिति बुढ़ाना की एक अति आवश्यक बैठक बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित एक फार्म हाउस पर संपन्न हुई, जिसमें विगत दिवस अन्य समाज के एक व्यक्ति युद्धवीर सिंह के द्वारा पूरे वैश्य समाज के विरुद्ध की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर वैश्य समाज के जिम्मेदार लोगों में भारी रोष दिखाई दिया। यहां पर राजेश संगल ने कहा कि वैश्य समाज युद्धवीर सिंह द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी से बहुत ही आक्रोशित है। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि युद्धवीर सिंह को सार्वजनिक रूप से अपनी टिप्पणी का खंडन करना चाहिए और वैश्य समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए अन्यथा नगर बुढ़ाना के समस्त वैश्य समाज के द्वारा आगामी 07 अप्रैल को सोमवार के दिन बुढ़ाना कस्बे में प्रदर्शन कर युद्धवीर सिंह के विरुद्ध बुढ़ाना कोतवाली में एक तहरीर देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। इस दौरान हिमांशु संगल, दीपक गर्ग, सुशील तायल, अनुप गर्ग, मनीष मित्तल, चिराग गोयल, अमरीश गर्ग, विक्की गोयल, अखिल संगल, ओजस्व तायल, अर्चित संगल, तुषार गुप्ता, सौरभ गोयल, अनुप संगल पंकज जिंदल, नीरज गर्ग, विपुल संगल, चिंटू कुमार और संजीव बंसल सहित अन्य कई लोगों की भी उपस्थिति देखने को मिली।



## श्री दीवान सिंह पब्लिक स्कूल तितावी में हुआ नए सत्र 2025 -26 का प्रारंभ

मुजफ्फरनगर, 03 अप्रैल (बुस.)। श्री दीवान सिंह पब्लिक स्कूल में नए सत्र का प्रारंभ सरस्वती वंदना एवं मां सरस्वती की पूजा से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के अधिशासी कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार पुंडीर एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार शर्मा ने बताया कि आज नए सत्र का प्रारंभ हो रहा है। सभी विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर मां सरस्वती से यह पूजा-अर्चना की। साथ ही शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर विद्यालय में स्वागत किया गया। आज से नया सत्र प्रारंभ हो रहा है। नए सत्र के लिए नर्सरी से लेकर कक्षा 11 तक विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। एसडीएस पब्लिक स्कूल तितावी क्षेत्र के अग्रणी विद्यालयों में से एक है। अतः अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश विद्यालय में करा सकते हैं। इस विद्यालय से पढ़े हुए छात्र आईपीएस तक बने हैं। विद्यालय का प्रतिवर्ष रिजल्ट श्रेष्ठ रहता है। शत प्रतिशत बालक-बालिकाएं परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करते हैं। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. विपिन कुमार सिंह ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को अपना आशीर्वाद दिया एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को अधिक से अधिक ज्ञान बांटने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर शर्मा ने किया।

## पूर्व सभासद विकल्प जैन के पुत्र सहित कुत्तों ने तीन बच्चों पर किया हमला

**मुजफ्फरनगर, 3 अप्रैल (बु.)।** नगर में इन दिनों कुत्तों का आतंक जारी है, जहां एक और आज जिला अस्पताल में 6 वर्षीय बच्चे अरियांश को कुत्तों ने अपना शिकार बनाया, वहीं नई मंडी क्षेत्र में पूर्व सभासद विकल्प जैन के बेटे शार्दुल जैन को दादा के साथ खेलते समय कुत्तों ने अपना शिकार बनाया। बताया जा रहा है कि जिस समय शार्दुल जैन अपने दादा के साथ साइकिल पर घूमने निकला, तो वो पैदल चलने की ज़िद करने लगा। उसी समय दादा साइकिल लेकर मासूम शार्दुल जैन के पीछे-पीछे चलने लगे कि अचानक से कुत्ते ने बच्चे पर हमला कर दिया, जिसमें उसको काफी चोट आई और पोते को बचाने के चक्कर में दादा ने साइकिल छोड़ शार्दुल को बचाया। आनन-फानन में घायल बच्चे को स्थानीय प्राइवेट डॉक्टर के पास ले जाया गया, जहां उसका उपचार कराया गया। एक दिन पहले भी आनंदपुरी निवासी अनमोल को कुत्तों ने अपना शिकार बनाया था, हालत फिलहाल स्थित बताई जा रही हैं।



## ट्रम्प ने लगाया भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली, 03 अप्रैल (वार्ता)** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बड़ा कदम उठाते हुए भारत पर 26 प्रतिशत और चीन पर 34 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय समय के अनुसार बुधवार देर रात व्हाइट हाउस रोज गार्डन में एक भाषण के दौरान भारत और चीन पर बड़े पैमाने पर "रैसिप्रोकल टैरिफ" लगाने की घोषणा की है। उन्होंने इसे ''डिस्काउंटेड'' करार दिया क्योंकि ये दरें उन शुल्कों का लगभग आधा हैं जो उनके अनुसार ये देश अमेरिका से वसूलते हैं। नई दरों के अनुसार, भारत पर 26 प्रतिशत और चीन पर 34 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा। श्री ट्रंप ने कहा कि भारत अमेरिका से विभिन्न आयातों पर 52 प्रतिशत शुल्क लेता है। उन्होंने कहा, ''उनके प्रधानमंत्री हाल ही में यहां से गए हैं। वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। भारत हमसे 52 प्रतिशत शुल्क लेता है, इसलिए हम उनसे उसका आधा 26 प्रतिशत वसूलेंगे।''

## नरेन्द्र मोदी थाईलैंड पहुंचे

**बैंकाक, 03 अप्रैल (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर थाईलैंड पहुंचे। थाईलैंड की



अपनी यात्रा के दौरान वह अपनी समकक्ष पैंटोगटार्न शिनावात्रा के साथ वार्ता करेंगे। यहां के डॉन मुआंग हवाई अड्डे पर उनके आगमन पर सिख समुदाय के लोगों ने भांगड़ा किया। थाईलैंड की यात्रा समाप्त करने के बाद वह श्रीलंका जाएंगे, जो देश में नए राष्ट्रपति के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी। बृहस्पतिवार शाम को प्रधानमंत्री की मौजूदगी में थाईलैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, म्यांमा और भूटान के बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) नेताओं के साथ समुद्री सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में मोदी नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली, बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस और म्यांमा के सैन्य नेता मिन आंग हलिंग सहित अन्य लोगों से मुलाकात करेंगे।

## जज साहब भी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर राजी, सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली, 03 अप्रैल (एजेंसी)।** बृहस्पतिवार को एक ऐसी पहल हुई जो भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में मील का पत्थर साबित हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और 29 अन्य न्यायाधीशों ने यह फैसला लिया है कि वे अपनी संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करेंगे। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा और ऐसा स्वैच्छिक आधार पर किया जाएगा। यानी, जजों ने किसी कानूनी मजबूरी में नहीं, बल्कि अपनी इच्छा से अपनी संपत्ति का विवरण सार्वजनिक करने का फैसला किया है। इसका मतलब यह भी है कि इस घोषणा ने पूरे देश का ध्यान खींचा है और न्यायपालिका में पारदर्शिता को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर साफ-साफ कहा गया है कि संपत्ति का यह खुलासा स्वैच्छिक होगा। हालांकि, सभी 30 न्यायाधीशों ने पहले ही अपनी संपत्ति की जानकारी मुख्य न्यायाधीश को सौंप दी है, लेकिन अब यह पहली बार होगा जब वह जानकारी आम जनता के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

## सूर्य कुमार यादव ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या, 3 अप्रैल (वार्ता)** टीम इंडिया में टी-20 टीम के कप्तान और मुबंई इंडियंस के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को यहां श्रीरामजन्मभूमि में भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन किये। सूर्य कुमार यादव



आईपीएल में लखनऊ के खिलाफ मुबंई इंडियंस टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। लखनऊ और मुबंई के बीच मैच शुक्रवार को इकाना स्टेडियम पर खेला जायेगा। मैच की पूर्व संध्या पर उन्होने आज अपने परिवार के साथ प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फिर दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान रामलला का आशीर्वाद लिया। उनके साथ दीपक चाहर और करण शर्मा समेत मुबंई इंडियंस के अन्य खिलाड़ियों के अलावा प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी के मुख्य पुजारी हेमंत दास थे। इस अवसर पर उन्होने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि अयोध्या का विकास बहुत तेजी से हो रहा है और राम मंदिर के बनने से आसपास के जो भी जिले थे उनका भी विकास हो रहा है। मंदिर बहुत भव्य बना हुआ है। आईबी के निदेशक तपन डेका ने भी प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर और श्रीरामजन्मभूमि परिसर में विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। उनके साथ में अयोध्या रेंज के आई.जी. प्रवीण कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर भी मौजूद थे।

# गणगौर उत्सव पर बड़ा हादसा : खंडवा में कुएं की सफाई करने उतरे 8 लोगों की मौत

**खंडवा, 03 अप्रैल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में गणगौर उत्सव पर गांव के कुएं की सफाई करने उतरे आठ लोगों की मौत हो गई. हादसा छैगांव माखन तहसील में आने वाले कोंडावत गांव में हुआ। जानकारी के मुताबिक, गणगौर विसर्जन से पहले गांव के कुएं को साफ करने करीब पांच लोग उतरे थे, जब वह काफी देर तक वापस नहीं आए, तो तीन अन्य लोग उन्हें तलाशने के लिए कुएं में उतरे, जब वो भी नहीं लौट सके तो लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर गांव माखन थाने की पुलिस टीम पहुंची। कुएं के अंदर से आठ शव मिले हैं। कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने बताया कि घटना के बारे में सूचना शाम करीब 4 बजे मिली थी। प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि कुएं में जहरीली गैस के चलते हादसा हुआ। इसी वजह से सफाई करने के लिए उतरे लोग बाहर नहीं आ सके। उन्हें बचाने के लिए तीन लोग बाद में कुएं में उतरे, वो भी हादसे का शिकार हो गए और बाहर नहीं आ सके। सूचना पर पुलिस, एनडीआरएफ, होमगार्ड की टीम मौके पर पहुंची। शवों को



अस्पताल भेजा गया है, जहां पोस्टमार्टम किया जाएगा, तभी मौत की असली वजह सामने आ सकेगी। पुलिस ने अब तक 8 लोगों के शव निकाले हैं। मृतकों की पहचान बलिराम आसाराम पटेल (26 साल), मोहन मंशाराम पटेल (55 साल), अनिल आत्माराम पटेल (25 साल), शरण सुखराम पटेल (35 साल), गजानंद गोपाल पटेल (32 साल), राकेश हरि पटेल (22 साल), अजय मोहन पटेल (27 साल) और अर्जुन के रूप में हुई।

## आचार संहिता उल्लंघन के मामले में सिपाही की गवाही कराई

**मुजफ्फरनगर, 3 अप्रैल (बु.)।** वर्ष 2022 के आचार संहिता उल्लंघन मामले में अभियोजन ने सिपाही की एमपी एमएलए कोर्ट में गवाही कराई। आपको बता दें कि 2022 में पूर्व विधायक उमेश मलिक समेत 13 के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन व कोविड अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वर्ष 2022 में पूर्व विधायक उमेश मलिक ने बुढ़ाना सीट से चुनाव लड़ा था, जहां पुलिस को जानकारी मिली थी कि उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र रामछैल तिराहे, चरण सिंह चौक व गांव राजपुर छाजपुर में स्वागत समारोह का कार्यक्रम किया था, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। वीडियो के आधार पर ही पुलिस की ओर से पूर्व विधायक उमेश मलिक, संगीत गर्ग, कुलदीप, पवनीश, राजेश सिंघल, जोनी, अनिरुद्ध, संजय समेत 13 के खिलाफ कोविड अधिनियम का मुकदमा दर्ज कराया था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एमपी एमएलए कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही है। गुरूवार को इस मामले में सभी आरोपियों की ओर से हाजिरी माफी दी गयी। अभियोजन इस मामले में गवाह सिपाही विनय कुमार की गवाही कराई है। अभियोजन पूर्व में दो गवाहों की गवाही और भी करा चुका है। कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल नियत की गयी है।

# लोकसभा में मतविभाजन के बाद वक्फ संशोधन विधेयक पारित

## विधेयक के पक्ष में 288 और विरोध में 232 मत पड़े

**नयी दिल्ली, 03 अप्रैल (वार्ता)** लोकसभा ने मत विभाजन के बाद वक्फ संपत्तियों की देखरेख और उसके प्रबंधन को व्यवस्थित करने वाले ''वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025'' को बुधवार को पारित कर दिया। मत विभाजन के बाद अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा ''शुद्धि के तहत मतविभाजन ने विधेयक के पक्ष में 288 और विरोध में 232 मत पड़े। बहुमत प्रस्ताव की पक्ष में है।'' आरएसपी के प्रेमचंद्रन ने संशोधन प्रस्ताव पर फिर मतविभाजन मांगा जिसके पक्ष में 231 और विरोध में 288 मत पड़े। मतविभाजन के बाद श्री प्रेमचंद का प्रस्ताव गिर गया। एक अन्य संशोधन में हुए मतविभाजन के पक्ष में 288 मत और विपक्ष में 232 मत पड़े है। इससे पहले अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने विधेयक पर करीब 11 घंटे हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि वक्फ से संबंधित कई विवादित मामले लंबित पड़े हैं, जिसके कारण लोग अत्यंत पीड़ित है और यह सब इसलिए हुआ क्योंकि वक्फ संपति का प्रबंध सही तरीके से नहीं हो रहा था इसलिए सरकार वक्फ संपति के संचालन को व्यवस्थित बनाने करने के लिए सरकार यह संशोधन विधेयक लेकर आई है। उन्होंने कुछ सदस्यों की इन टिप्पणियों पर आपत्ति व्यक्त की कि कलेक्टर को वक्फ संपत्ति के निर्धारण का प्रभारी नहीं होना चाहिए। उनका कहना था कलेक्टर जिले का अधिकारी होता है और जिले की व्यवस्था को देखता है इसलिए उसे यह अधिकार देना उचित कदम है। वक्फ संपत्ति को मुसलमानों का धार्मिक मामला बताने और गैर मुसलमान को वक्फ बोर्ड में शामिल करने पर सदस्यों की आपत्ति पर उन्होंने कहा कि इसका जवाब गृहमंत्री अमित शाह पहले दे चुके हैं कि यह सब अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए है। भाजपा पर मुस्लिम विरोधी होने के सदस्यों के आरोप को निराधार बताते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश हित मे और अल्पसंख्यकों के हित के लिए



हर कदम उठा रही है। उनका कहना था कि हाथ में तिरंगा लेकर देश विरोधी नारे लगाना देशभक्त का काम नहीं होता है। उन्होंने अल्पसंख्यकों की देश में सुरक्षित नहीं होने के आरोप को भी गलत बताया और कहा देश का हर नागरिक भाजपा सरकार में सुरक्षित है। उनका कहना था कि इस विधेयक का चारों तरफ समर्थन हो रहा है और देश के अल्पसंख्यकों तथा हर नागरिक को शांति से जीने का अधिकार है और उनके इस अधिकार को सरकार सुनिश्चित करेगी।

## दिल्ली एम्स में हुआ लालू यादव का ऑपरेशन, आईसीयू से जनरल वार्ड में हुए शिफ्ट

**बिहार, 03 अप्रैल (एजेंसी)।** दिल्ली एम्स में भर्ती होने के बाद सीनियर डॉक्टरों ने गुरुवार को राजद प्रमुख लालू यादव का ऑपरेशन किया, जो सफल रहा है। ऑपरेशन के बाद राजद प्रमुख को आईसीयू से सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक लालू यादव की सेहत में तेजी से सुधार होने की संभावना है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की सेहत को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लालू यादव का दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में सफल ऑपरेशन हुआ है। बता दें कि राजद प्रमुख पिछले दो दिनों से पीठ में गहरे जख्मों के कारण गंभीर रूप से बीमार थे, जिसके बाद उन्हें बुधवार की शाम पटना से एयर एंबुलेंस के जरिए दिल्ली एम्स लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक एक्स के सीनियर डॉक्टरों ने उनका ऑपरेशन किया, जो सफल रहा है। ऑपरेशन के बाद, उन्हें आईसीयू से सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है, जिससे उनकी सेहत में सुधार होने की संभावना जताई जा रही है।



लालू यादव के साथ अस्पताल में उनकी पत्नी राबड़ी देवी और परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद हैं। डॉक्टर उन पर लगातार नजर रख रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि लालू यादव की हालत में जल्द ही सुधार होगा। लालू यादव के दिल्ली पहुंचने से पहले पटना में मीडिया से बात करते हुए उनके बेटे और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि लालू प्रसाद की पीठ और हाथ पर घाव हो गए हैं। इसके बावजूद मेरे पिता ने सामान्य विमान से यात्रा करना चुना। हालांकि, तबीयत ज्यादा खराब होने के बाद लालू यादव को एयर एंबुलेंस के जरिए दिल्ली ले जाया गया। बता दें कि लालू यादव कई सालों से शुगर से पीड़ित हैं और उनके हार्ट का ऑपरेशन तथा किडनी का प्रत्यारोपण भी हो चुका है।

## वक्फ के समर्थन में आई जमीयते हिन्द

### तारिक खालिद बोले कि वक्फ की सम्पत्ति का दुरूपयोग करने वाले लुटेरे

**मुजफ्फरनगर, 3 अप्रैल (बु.)।** वक्फ बिल आने के बाद देश में अलग-अलग प्रतिक्रियाओं के आने के बाद मुस्लिम वर्ग भी इसके पक्ष में दिख रहा है। आज नगर में ही जमीयते उलेमा ए हिन्द के जिला सचिव तारिक खालिद ने बिल का समर्थन करते हुए कहा कि वक्फ संशोधन बिल के लोकसभा में पास होने के बाद अब वक्फ सम्पत्तियों को लूटने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी और गरीबों को उनका हक मिल पाएगा। उन्होंने खुलेआम कहा कि वक्फ की सम्पत्ति लूटने वाले लुटेरे हैं, उन्हें सजा मिलनी ही चाहिए। उन्होंने बताया कि नगर में ही वक्फ की सम्पत्तियों का बड़ा दुरूपयोग किया गया है, जिसकी लम्बी चौड़ी लिस्ट है। उन्होंने आयोग बनाने की बात कहते हुए कहा कि 70 सालों में हुए वक्फ घोटालों का पर्दाफाश करने की मांग थी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद वक्फ जायदाद उपेक्षित और लावारिस थी जिन पर चंद रहीसों की कब्जा था। यह सम्पत्तियां पीढ़ी दर पीढ़ी विरासत में दी जा रही है। आज तक किसी वक्फ सम्पत्ति से मुसलमानों का फायदा नहीं हुआ, क्योंकि वक्फ बोर्ड की कार्यशैली शून्य के समान थी। मौजूदा हुकूमत ने तीसरी बार सरकार बनाने के बाद संशोधन बिल लाया है, जिसका वह दिल से स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह बिल पास होने के बाद यह तस्वीर साफ हो गयी है कि मोदी सरकार वक्फ सम्पत्तियों के बेहतर इंतजाम और गरीबों को उनके हक दिलाने की नीयत रखती है। इसलिए वे बिल का समर्थन करते हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि वे मुस्लिमों को इकट्ठा करें और उनसे राय करें तो इसके और सार्थक परिणाम आएंगे। हुकूमत वार्ता कर दरवाजा बंद न करे और उन्होंने समाज से अपील की कि पाला खींचने की चूक न करे। आपसी मौहब्बत को कायम रखते हुए मुल्क को नए शिखर पर ले जाने का काम करें।



## वक्फ विधेयक से जमीन हड़पने पर रोक लगेगी और करोड़ों मुसलमानों का जीवन आबाद होगाः रिजिजू

**नयी दिल्ली 03 अप्रैल (वार्ता)** अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरूवार को राज्यसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2025 पेश करते हुए कहा कि ये विधेयक किसी की धार्मिक भावना को चोट पहुंचाने के लिए नहीं बल्कि वक्फ बोर्डों की जवाबदेही , पारदर्शिता तथा दक्षता बढाने के लिए लाये गये हैं। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश में एक नया सवेरा लेकर आया है और इसीलिए इस एक्ट का नाम 'उम्मीद' रखा गया है। इसमें कलेक्टर से लेकर बोर्ड के हर व्यक्ति की भूमिका को पारदर्शिता के साथ जवाबदेह बनाया गया है। इसका उद्देश्य सबका सशक्तिकरण करना है। इससे जहां जमीन हड़पने की मनमानी प्रक्रिया पर रोक लगेगी वहीं करोड़ों गरीब मुसलमानों का जीवन आबाद होगा। श्री रिजिजू ने कहा कि अब वक्फ बोर्डों का केन्द्रीकृत डेटाबेस रहेगा और सभी वक्फ संपत्ति का पूरी तरह से पंजीकरण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे ज्यादा संपत्ति भारत में वक्फ बोर्ड के पास है लेकिन गरीबों को इससे कोई फायदा नहीं मिल रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज से पहले कोई भी विधेयक इतने विचार विमर्श के बाद नहीं लाया गया है। अल्पसंख्यक मंत्रालय ने इस विधेयक को तैयार करने से पहले देशभर में सभी हितधारकों से साथ व्यापक विचार विमर्श किया था। इसके बाद संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष 284 संगठनों और सभी हितधारकों ने ज्ञापन दिये और 97 लाख लोगों ने अपने मत रखे। संयुक्त समिति ने दस शहरों में जाकर लोगों से बात की है। इस तरह से इस विधेयक पर एक करोड़ से ज्यादा सुझाव मिले हैं। उन्होंने विधेयक को असंवैधानिक बताने और मुसलमानों का हक छीनने के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम का हस्तक्षेप नहीं होगा।



## वक्फ बिल को कोर्ट में चुनौती देगा मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड

**नई दिल्ली, 03 अप्रैल (एजेंसी)।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड ने कहा है कि वह वक्फ (संशोधन) विधेयक को अदालत में चुनौती देगा और समुदाय के अधिकारों को खतरे में डालने वाले इस काले कानून के विरुद्ध लड़ाई को सड़कों पर लेकर जाएगा। प्रेस कान्फ्रेंस में प्रस्तावित कानून की आलोचना करते हुए बोर्ड के सदस्य मोहम्मद अदीब ने दावा किया कि यह मुस्लिम समुदाय की संपत्तियों को जब्त करने का प्रयास है। उन्होंने कहा, उन्होंने इसे इस सोच से शुरू किया है कि वे हमारी संपत्ति छीन सकते हैं। क्या इसे स्वीकार किया जा सकता है? यह मत सोचिए कि हम पराजित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यह तो शुरूआत है। संयुक्त संसदीय समिति में विचार-विमर्श के दौरान बिल का विरोध किया गया। यह देश को बचाने की लड़ाई है, क्योंकि प्रस्तावित कानून भारत के ताने-बाने को खतरे में डालता है। अदीब ने सभी जागरूक नागरिकों से अनुरोध किया कि वे बिल का विरोध करें और इसका कानूनी एवं सार्वजनिक प्रदर्शन के जरिये विरोध करने की बोर्ड की प्रतिबद्धता को दोहराया। साथ ही कहा कि बिल को वापस लेने तक बोर्ड चैन से नहीं बैठेगा।

## शामली में युवक ने पानी की टंकी में किया शौच, आक्रोश

**शामली, 03 अप्रैल (एजेंसी)।** अभी तक रोटी या जूस में थूकने की घटनाओं के वीडियो वायरल हो रहे थे। अब एक युवक की गंदी हरकत सामने आई है। मिश्रित आबादी वाले गांव में एक मुस्लिम युवक ने पानी की टंकी में शौच कर दिया। मामले का पता बुधवार को वीडियो प्रसारित होने पर चला। इसके बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने हंगामा करते हुए आरोपित पर कार्रवाई की मांग की। आरोपित फरार है। गांव वेदखेड़ी में हिंदू और मुस्लिम समाज के लोग रहते हैं। गांव में पानी की एक ही टंकी है। बुधवार को एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। इसमें एक युवक पानी की टंकी में शौच करता दिख रहा है। पास में खड़े उसके ही किसी साथी ने वीडियो बनाया था। वीडियो गांव के ही कुछ लोगों के पास पहुंच गया। इसके बाद गांव के हिंदू और मुस्लिम समाज के लोग एकत्र हो गए और हंगामा करने लगे। कुछ लोग आरोपित युवक के घर भी पहुंचे, लेकिन वह नहीं मिला। प्रधान अमीर आलम का कहना है कि वीडियो कब बना था, इसकी जानकारी नहीं है। आरोपित युवक घर पर नहीं है। उसके स्वजन ने भी फोन किया, लेकिन फोन बंद आ रहा है। मामला जानकारी में आने के बाद पानी की टंकी की सफाई करा दी गई है। अभी टंकी की सप्लाई घरों में नहीं की जा रही है। सीधे पंप से पानी दिया जा रहा है। आरोपित युवक के खिलाफ तहरीर दी जाएगी।थाना प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है और न ही कोई तहरीर मिली है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं शामली में कैराना मार्ग स्थित नवीन सब्जी मंडी के समीप शराब ठेका खुलने का नागरिक विरोध कर रहे है। ठेका न हटने पर पर नागरिकों ने दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा किया। नागरिकों ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर शराब का ठेका हटवाने की मांग की है। कस्बे के कैराना रोड पर स्थित नवीन सब्जी मंडी के निकट शराब का ठेका खोला जा रहा हैं। शराब का ठेका खोलने से बस्ती के लोग नाराज हैं और उच्च अधिकारियों को शिकायत कर रहे हैं। आरोप है कि शराब का ठेका नियमों को ताक पर रखकर खोला जा रहा है। शराब के ठेके के निकट एक तरफ मंदिर है, तो दूसरी तरफ मस्जिद मौजूद है। मौहल्ले के लोगों ने पुलिस सहित उप जिलाधिकारी को शिकायत कर शराब ठेका हटवाने की मांग की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार को दूसरे दिन कालोनी की महिला व पुरुषों ने हंगामा प्रदर्शन किया। नागरिकों ने बताया कि आबकारी विभाग ने शराब ठेका खोलने की अनुमति दी है। ठेकेदार ने नियमों को ताक पर रखकर अंग्रेजी शराब एवं बियर की दुकान खोलने का बोर्ड लगा दिया गया। कहा कि शराब ठेका खुलने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। शराब ठेके के निकट हिंदू समाज का पूजा स्थल मंदिर है, तो दूसरी तरफ मुस्लिम समुदाय की मस्जिद है, जबकि नियम है कि धार्मिक स्थल के समीप शराब ठेका नहीं खोला जाएगा। मौहल्ले के लोगों ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर नियम विरुद्ध खोले गए शराब के ठेके को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कराए जाने की मांग की है। हंगामा प्रदर्शन करने वालों में काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एक ही परिवार के दस मुस्लिम लोगों ने अपनाया हिन्दू धर्म

**मुजफ्फरनगर, 3 अप्रैल (बु.)।** बघरा के योग साधना आश्रम के महंत यशवीर महाराज ने एक ही परिवार के दस मुस्लिम लोगों को हिन्दू बनाने का कार्य किया। यशवीर महाराज का बताना है कि देवबंद जिसका नाम देववृन्द है, वहां का एक परिवार की महिला फैमिदा है। फैमिदा ने आकर यशवीर महाराज के आश्रम पर हिन्दू धर्म अपनाने की इच्छा जाहिर की। फैमिदा ने बताया कि वह पूरे परिवार के साथ इस्लाम मजहब छोड़ना चाहती है और सनातन धर्म स्वीकार करना चाहती है। पूरी बातचीत के बाद यशवीर महाराज द्वारा पूरे परिवार का शुद्धि यज्ञ किया और बड़ी श्रद्धा के साथ सनातन धर्म अपनाया। यशवीर महाराज का कहना है कि फैमिदा अब राजकुमारी कश्यप बन गयी है और इसके परिवार की रेशमा कुमारी पूजा, पलक सविता, तथा महक श्रीमती कविता, दिलजान को ब्रिजेश कश्यप, आल्या कुमारी



पायल, सना कुमारी सोनिया, खुशनुमा कुमारी साधना, अरमान अमित, और इस्लाम विक्रम सिंह बन गया है। यशवीर महाराज ने बताया कि उनके सम्पर्क में करीब 5000 मुस्लिम लोग हैं, जो हिन्दू धर्म अपनाना चाहते हैं और धीरे-धीरे उन सबको वापसी हिन्दू धर्म में कराना उनका उद्देश्य है। उनका दावा है कि साल दो साल में इन लोगों को वह सनातन धर्म में वापसी करा देंगे। फैमिदा से राजकुमारी बनी महिला ने बताया कि 50 साल पहले हमें मुस्लिम बनाया गया था तब मेरा भाई नहीं था। हम पांच बहने जैसे कैसे अपना गुजारा करते थे और बामुश्किल मुस्लिमों में ही हमारी शादी हुई और आज उन्हें कश्यप धर्म में वापस लौटकर अपनी घर वापसी की बेहद खुशी है। उन्होंने वक्फ बोर्ड पर बोलते हुए भी कहा कि सनातन धर्म के लोगों को इसका लाभ यह मिलेगा कि कुछ लोग वक्फ बोर्ड के नाम पर कहीं भी अपना बोर्ड लगाकार बोर्ड की सम्पत्ति घोषित कर देते थे। हकीकत यह थी कि जो गरीब मुसलमान थे, उनको भी उसका लाभ नहीं मिला था और भू माफिया इस सम्पत्ति का पूरा मजा ले रहे थे। अब गरीबों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी जी और अमित शाह ने मिलकर एक अनोखा इतिहास रचा है, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

# नगर पालिका ने टैक्स के रूप में इस बार की रिकॉर्ड वसूली

**मुजफ्फरनगर, 03 अप्रैल (बु.)।** नगरपालिका परिषद् द्वारा कर करेत्तर के रूप में इस बार भी वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड कायम करने का काम कर दिखाया है। कर विभाग ने बीते वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष करीब 3 प्रतिशत

### टैक्स विभाग ने की विज्ञापन शुल्क में दोगुना से भी ज्यादा आय

ज्यादा राजस्व वसूला है। इसमें विज्ञापन शुल्क में तो दो गुना से भी ज्यादा राजस्व प्राप्त कर साबित कर दिया है कि इसमें पिछले वर्षों में टैक्स वसूली में लापरवाही बरती गई। इस वसूली के आधार पर पालिका ने शासन से अतिरिक्त बजट पाने के लिए भी अपनी कवायद शुरू कर दी है। बीते वर्ष 25 प्रतिशत से ज्यादा वसूली होने के कारण पालिका को शासन से अतिरिक्त विकास बजट उपलब्ध कराया गया था।

चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के मार्गदर्शन में नगरपालिका परिषद ने राजस्व वसूली में रिकॉर्ड कायम किया गया है। पालिका को मिले लक्ष्य के सापेक्ष वित्तीय वर्ष के लिए करीब 128 प्रतिशत राजस्व प्राप्त कर लिया। गृहकर के रूप में लक्ष्य के सापेक्ष 137 प्रतिशत, जलकर में 134 प्रतिशत व अन्य मदों में 144 प्रतिशत टैक्स वसूल किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में पालिका ने 125 प्रतिशत राजस्व वसूल किया था। इस बार यह वसूली 128 प्रतिशत तक पहुंची है।

शासन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पालिका को 8 करोड़ 33 लाख 47 हजार रुपये टैक्स के रूप में राजस्व जुटाने का लक्ष्य दिया था। इसके सापेक्ष मार्च 2025 तक पालिका ने इस वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ 61 लाख 92 हजार रुपये राजस्व प्राप्त कर लिया। यानि लक्ष्य के सापेक्ष 127.41 प्रतिशत राजस्व वसूली कर पालिका कर विभाग ने वसूली का नया रिकॉर्ड कायम कर दिया है। गत वित्तीय वर्ष में पालिका के इसी विभाग ने 10 करोड़ 45 लाख 66 हजार रुपये की वसूली की थी।

**इन्होंने कहा–**
**कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि कर विभाग में रिकॉर्ड राजस्व वसूली की गई है। इसमें गत वर्ष के मुकाबले करीब 3 प्रतिशत राजस्व ज्यादा मिला है। गत वर्ष विज्ञापन शुल्क मद में पालिका को 24 लाख मिले थे, लेकिन इस वर्ष दोगुना से भी ज्यादा 54 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि हम लक्ष्य के सापेक्ष 150 प्रतिशत का आंकड़ा जुटाने के प्रयास में थे, लेकिन इस वित्तीय वर्ष में इसे पूरा करने का लक्ष्य अभी से बना लिया है।**

## ज्वैलरी की दुकान से युवक एक जोड़ी टॉप्स व नोटों की गड्डी लेकर फरार

**मुजफ्फरनगर, 3 अप्रैल (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के सर्राफा बाजार स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान से एक युवक दो नोटों की गड्डी व एक जोड़ी टॉप्स लेकर फरार हो गया। उक्त पूरा मामला दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ तो दुकानदार ने उक्त वीडियो मुजफ्फरनगर बुलेटिन को साझा की तो तुरन्त चोर की पहचान के लिए इस वीडियो को चलाया गया। आपको बता दें कि शहर कोतवाली क्षेत्र के सरार्फा बाजार में स्थित सोनू मोनू ज्वैलर्स की दुकान है। दुकान पर एक युवक ग्राहक बनकर पहुंचा। सर्राफ व्यापारी के अनदेखी करते ही युवक गल्ले से दो नोटों की गड्डी व एक जोड़ी टॉप्स लेकर फरार हो गया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गयी। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के आधार पर मामले की जांच में जुट गयी।



## कानून एवं शान्ति व्यस्था बनाये रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से एसएसपी ने की क्षेत्राधिकारियों के साथ बैठक

**मुजफ्फरनगर, 3 अप्रैल (बु.)।** वक्फ संशोधन बिल लोक सभा में पास होने के बाद पूरा जनपद अलर्ट मोड़ पर दिखाई दिया। इसी क्रम में डीआईजी एवं एसएसपी द्वारा जनपद में कानून एवं शान्ति व्यस्था बनाये रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से जनपद के सभी क्षेत्राधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कल जुमे की नमाज को लेकर भी अलर्ट रहने की जरूरत है। गुरुवार को डीआईजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ गोष्ठी की । इस दौरान एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी क्राइम प्रशान्त कुमार प्रसाद, एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे भी मौजूद रहे। उन्होंने सभी सीओ को निर्देशित किया कि वह स्वंय भी व अपने अधिनस्थों के साथ प्रमुख चौराहो, बाजारों, संवेदनशील स्थानों तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस फोर्स के साथ नियमित रूप से फ्लैग मार्च करें। धर्मगुरुओं, संभ्रान्त व स्थानीय नागरिकों से लगातार वार्ता कर उनसे पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने व किसी भी प्रकार की भड़काऊ व गलत पोस्ट शेयर न करने की अपील करें। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिसबल को तैनात करें तथा असामाजिक तत्वों, अफवाह फैलाने वाले पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये।



## जेल में मोबाइल बरामदगी मामले में शाहनवाज राणा कोर्ट में हुए पेश

**मुजफ्फरनगर, 3 अप्रैल (बु.)।** गुरूवार को मोबाइल बरामदगी के मामले में पूर्व विधायक शाहनवाज राणा को कोर्ट में पेश किया गया। आपको बता दें कि 5 दिसम्बर से जेल में बंद शाहनवाज राणा से लगभग एक सप्ताह पहले काले रंग का एक मोबाइल बरामद किया गया था। मोबाइल बरामद होने के बाद पूछताछ के दौरान शाहनवाज राणा ने जेलर से अभद्र व्यवहार भी किया था, जिसका मुकदमा नई मण्डी कोर्ट में दर्ज कराया गया था। इस मामले में गुरूवार को शाहनवाज राणा कोर्ट में पेश हुए मगर पूर्व विधायक का रिमांड नहीं दिया गया। कोर्ट ने पुलिस से केस डायरी तलब कर मामले की अगली सुनवाई 5 अप्रैल की तिथि तय की। कोर्ट में पूर्व विधायक ने जेल प्रशासन पर मारपीट व अभद्रता का आरोप लगाया है, घटना के बाद से पूर्व विधायक शाहनवाज राणा से पृथकवास बैरक में मोबाइल बरामद हुआ था। गुरूवार को वरिष्ठ अधिवक्ता नकली सिंह त्यागी ने बताया कि एसीजेएम कोर्ट प्रथम आकांक्षा गर्ग की कोर्ट में पूर्व विधायक को पेश किया गया, जहां उन्होंने अपने साथ अभद्रता व मारपीट के मामले की जानकारी कोर्ट को दी। पुलिस ने शाहनवाज राणा का रिमांड मांगा था मगर कोर्ट ने अभी रिमांड नहीं दिया। कोर्ट ने पुलिस केस डायरी को तलब किया है तथा इस मामले में सुनवाई की अग्रिम तिथि 5 अप्रैल नियत की है। कोर्ट ने कहा कि 5 अप्रैल को ही जिला अस्पताल में शाहनवाज राणा का मेडिकल कराये जाने पर विचार किया जायेगा, उसके बाद रिमांड दिया जायेगा।



## जी.पी.एस. युक्त वाहनों से ही होगा शराब का परिवहन, बोतलों पर होगा हाई सिक्योरिटी बार कोड

**लखऊ, 03 अप्रैल (एजेंसी)।** यूपी सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि अब प्रदेश में शराब का परिवहन जीपीएस युक्त वाहनों से ही होगा और आबकारी लाइसेंस वाले परिसरों की जियो फेंसिंग की जाएगी तथा बोतलों और पेटियों पर हाई सिक्योरिटी बार कोड और क्यूआर कोड होगा। मंत्री नितिन अग्रवाल गुरुवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग की कार्य प्रणाली में सुधार एवं कर चोरी रोकने हेतु कार्यवाही की गई है। विभाग में कार्रवाही के लिए सीसीटीवी कैमरा एवं इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल से इंटीग्रेशन किया गया है। मदिरा एवं स्प्रिट टैंकरों में डिजिटल लॉकिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मास फ्लो मीटर, रडार बेस्ड लेवल सेंटर एवं बॉटलिंग सेंटर बनाए जाएंगे। डिस्टलरीज में डिजिटल अल्कोहल मीटर का उपयोग किया जाएगा और प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी।



## डिवाइडर से टकराने के बाद पलटी कार, अंदर बोरी में ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे लंगूर, चालक फरार

**बरेली, 03 अप्रैल (एजेंसी)।** बरेली में एक कार डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। मौके पर मौजूद लोग भागकर मदद के लिए कार के पास पहुंचे, लेकिन कार के अंदर का मंजर देखकर वो हैरान रह गए। दरअसल, कार में बोरियों के अंदर ठूंस-ठूंस कर लंगूर भरे हुए थे। हादसे के बाद दो लंगूर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं, कार चालक और उसमें बैठे लोग घटनास्थल से भाग गए थे। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पूरा मामला बरेली के फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली-लखनऊ राजमार्ग (एनएच-24) का है, जहां पर लंगूरों से भरी एक कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे दो बंदर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, हादसे के बाद कार सवार लोग मौके से फरार हो गए। बरेली पुलिस के अधिकारियों के अनुसार, यह घटना मंगलवार सुबह करीब 3 बजे हुई, जब बरेली शहर की ओर जा रही कार का नियंत्रण खो गया और वह डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना के बाद जानवरों को ले जा रहे लोग मौके से भाग गए। कार के अंदर बोरियों में भरे दस लंगूर मिले। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय ग्रामीणों ने बोरियों को खोला, जिससे आठ बंदर खेतों में भाग गए, जबकि दो गंभीर रूप से घायल पाए गए। घायल लंगूरों को कटरा गांव के पशु चिकित्सा अधिकारी के पास ले जाया गया। उन्होंने बताया कि एक मादा लंगूर का हाथ टूटने के कारण उपचार चल रहा है, जबकि दूसरी को बेहतर उपचार के लिए शहर के एक केंद्र में रेफर किया गया है। कटरा पुलिस थाने के इंस्पेक्टर जुगल किशोर पाल ने बताया कि चालक और



कार मालिक की पहचान कर ली गई है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## शामली में सड़क हादसाः मां की मौत, बेटा गंभीर

**कांधला, 03 अप्रैल (एजेंसी)।** कस्बे के मौहल्ला रायजादगान निवासी 55 वर्षीया महिला बालकिशा की झिंझाना क्षेत्र में बाइक से गिरकर मौत हो गई। वहीं उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। महिला की मौत से परिजनों में मातम का माहौल है। कस्बे के मौहल्ला रायजादगान निवासी असगर की पत्नी बालकिशा अपने पुत्र शाकिर के साथ बाइक से झिंझाना जा रहे थे। बाइक सवार मां बेटा जब भूरा गांव के समीप पहुंचे, तो अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक अनियंत्रित होने से मां-बेटा सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को शामली के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां से बलकिशा की गंभीर हालत के चलते उसे मेरठ रेफर कर दिया। मेरठ जाते समय रास्ते में बालकिशा की मौत हो गई। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल।

### शेषः माँ दुर्गा की सातवीं शक्ति...

मां दुर्गा जी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। इनके शरीर का रंग घने अन्धकार की तरह एकदम काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र हैं। ये तीनों नेत्र ब्रह्माण्ड के सदृश गोल हैं। इनसे विद्युत के समान चमकीली किरणें निःसृत होती रहती हैं। इनकी नासिका के श्वास-प्रश्वास से अग्नि की भयंकर ज्वालाएं निकलती रहती हैं। इनका वाहन गर्दभ-गदहा है। ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वरमुद्रा से सभी को वर प्रदान करती हैं। दाहिनी तरफ का नीचे वाला हाथ अभय मुद्रा में है। बायीं तरफ के ऊपर वाले हाथ में लोहे का कांटा तथा नीचे वाले हाथ में खड्ग (कटार) है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यन्त भयानक है, लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। अतः इनसे भक्तों को किसी प्रकार भी भयभीत अथवा आतंकित होने की आवश्यकता नहीं है। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्त्रार चक्र में स्थित रहता है। उसके लिये ब्रह्माण्ड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। इस चक्र में स्थित साधक का मन पूर्णतः मां कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है। उनके साक्षात्कार से मिलने वाले पुण्य का वह भागी हो जाता है। उसके समस्त पापों-विघ्नों का नाश हो जाता है। उसे अक्षय पुण्य-लोकों की प्राप्ति होती है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने वाली हैं। दानव, दैत्य, राक्षस, भूत, प्रेत आदि इनके स्मरण मात्र से ही भयभीत होकर भाग जाते हैं। ये ग्रह-बाधाओं को भी दूर करने वाली हैं। इनके उपासक को अग्नि-भय, जल-भय, जन्तु-भय, शत्रु-भय, रात्रि-भय आदि कभी नहीं होते। इनकी कृपा से वह सर्वथा भय-मुक्त हो जाता है। मां कालरात्रि के स्वरूप-विग्रह को अपने हृदय में अवस्थित करके मनुष्य को एकनिष्ठ भाव से उनकी उपासना करनी चाहिये। यम, नियम, संयम का उसे पूर्ण पालन करना चाहिये। मन, वचन, काया की पवित्रता रखनी चाहिये। वह शुभंकरी देवी हैं। उनकी उपासना से होने वाले शुभों की गणना नहीं की जा सकती। हमें निरन्तर उनका स्मरण, ध्यान और पूजन करना चाहिये।